नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 214 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 9 जून 2023

पेज -4 पर विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार ने किया तमनार में ...

आधे से ज्यादा किसानों के खाते में नहीं पहुंचा धान का बोनस पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## गिरीराज सिंह की चुनौती स्वीकार है, बता दें किस मंच पर आना है-भूपेश बघेल

**भिलाई नगर** । आज दुर्ग में कांग्रेस संभागीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्तमान कांग्रेस विधायकों की टिकट काटने को लेकर कहा कि जीतने वाले कैंडिडेट का क्राइटेरिया होता है, जो जीत सकता है, उनको टिकट दिया जाता है लेकिन हमारे जो अधिकांश विधायक जिनकी बहुत अच्छी रिपोर्ट है। कुछ लोग हो सकते हैं जो साथी किसी कारण से, स्वास्थ्य कारणों से या और अन्य किसी कारणों से किसी की नाराजगी होगी तो उसको तीन चार महीने बाकी हैं, जिसमें उनकी स्थिति सुधरती है तो क्यों टिकट कटेगी। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश में जिस जगह से भी धर्मांतरण की शिकायतें आ रही हैं, उस पर कार्रवाई हो रही है। कुछ फर्जी शिकायतें सामने आई हैं, इनमें कुछ शिकायतें सही भी थी और उस पर कार्रवाई की गई है और जहां तक बात गिरिराज सिंह की है तो वे इससे पहले एक आध बार ही छत्तीसगढ़ आए होंगे मगर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल के 15 वर्षों में जितने चर्च बने हैं,



उतने न पहले बने थे न उसके बाद में ही बनेंगे। सीएम ने चुनौती देते हुए कहा कि बीजेपी उनके इस दावे का खंडन न करे। चर्च तभी बनेगा या पूजा स्थल तभी बनेगा, जब वहां के मानने वाले लोग रहेंगे, तब इसका मतलब यह है कि जितना धर्मांतरण 15 सालों में हुआ, उसके पहले कभी नहीं हुआ। एमएसपी के मुद्दे पर बात करने के लिए केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने सीधे कांग्रेस को चुनौती दी है उसे स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी चुनौती स्वीकार है, वे बता दें किस मंच पर आना है। यूपीए सरकार में कितना धान का भाव बढ़ा और एनडीए सरकार में कितना भाव बढ़ा, 10 साल उनके भी हो रहे हैं और 10 साल हमारे भी थे। उसमें कितना प्रतिशत एमएसपी बढ़ा और अभी कितना प्रतिशत बढ़ा है, हम बहस करने के लिए तैयार हैं। सीएम ने कहा कि उस समय




डीजल पेट्रोल के भाव क्या थे और अभी क्या हैं, वे जिस मंच में आना चाहें, कोई भी कार्यकर्ता बैठकर उनसे बहस कर लेगा, कोई भी किसान बात कर लेगा, जो स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट है, उतनी एमएसपी बढ़नी चाहिए। जब 1800 रूपये एमएसपी थी, तब हमने 2500 रुपए में खरीदने का फैसला किया था तो यह स्पष्ट होता है कि स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट से हम थोड़ा बढ़ा कर ही दिए थे किसानों को और अब राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू कर दी है तो जितना समर्थन मूल्य बढ़ेगा उतनी राशि भी हमारे किसानों के लिए बढ़ जाएगी। 3 सालों से यही चल रहा है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा की मंत्रियों के साथ मीटिंग हो गई है, विधायकों के साथ मीटिंग हो रही है, मुझसे भी कई बार कुमारी सैलजा की मीटिंग हुई है।

### एक नजर

#### मुख्यमंत्री ने आदिवासी जननायक बिरसा मुण्डा की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासियों के उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान क्रांतिकारी जननायक श्री बिरसा मुण्डा को उनकी पुण्यतिथि 9 जून के अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने श्री मुण्डा को नमन करते हुए कहा कि श्री मुण्डा आदिवासी चेतना के प्रणेताओं में से एक थे। उन्होंने आदिवासियों को एकत्र कर जल, जंगल और जमीन पर अधिकारों के लिए आंदोलन चलाया। उनके शौर्य और बलिदान की गाथा आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री बिरसा मुण्डा ने हमें सिखाया कि सामूहिक इच्छाशक्ति, हथियारों की शक्ति पर भी भारी पड़ती है। उनका अदम्य साहस हम सबके लिए प्रेरणादायी है।

रिपोर्ट कार्ड देखना है तो सीएम का देखें

## रमन सिंह ने साधा निशाना, बोले-कांग्रेस में अभी से डर, दबाव की राजनीति शुरू कर दी

**रायपुर।** कांग्रेस में विधानसभा टिकट के दावेदारों की लंबी फेहरिस्त और कुमारी सैलजा से नेताओं को मिली नसीहत को लेकर पूर्व सीएम रमन सिंह ने निशाना साधा है। रमन सिंह ने कहा कि कांग्रेस में आज से ही भय व्याप्त हो गया है, जिस तरह दावेदारों की श्रृंखला और भीड़ दिख रही है, उसके बाद अब उन्होंने दबाव की राजनीति शुरू कर दी है।




दरअसल बिलासपुर में हुई बैठक में कुमारी सैलजा ने नेताओं से साफ कह दिया था कि जिन्हें भी टिकट मिलेगी, वो परफॉर्मेंस के हिसाब से ही मिलेगी और जिनको टिकट नहीं मिलती वे पार्टी के लिए काम करेंगे।

कांग्रेस में इन दिनों मंत्रियों और विधायकों की रिपोर्ट कार्ड को लेकर चर्चा है, पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने कहा है कि रिपोर्ट कार्ड देखना है तो मंत्रियों का क्यों मांगते हैं, मुख्यमंत्री का देखें। रिपोर्ट कार्ड मुख्यमंत्री का होता है कि कितने सड़क और पुल बने, कितने अस्पताल और कितने इंफ्रास्ट्रक्चर में काम होगा। पावर सेक्टर में कितना इन्वेस्टमेंट है। यह अगर परफॉर्मेंस देखना है तो मुख्यमंत्री के परफॉर्मेंस के आधार पर मंत्रियों और विधायकों की हालत और खराब है। कृषि के क्षेत्र में अगर देखे तो सिर्फ पाटन और दुर्ग को छोड़कर पूरे छत्तीसगढ़ में 88 विधानसभा और 88 विधानसभा में और कितने काम हुआ है, उसका हिसाब मुख्यमंत्री दें। समीक्षा अगर करनी चाहिए तो मुख्यमंत्री के विकास कामों की करनी चाहिए।

पूर्व सीएम डॉ रमन सिंह ने कहा प्रधानमंत्री ने देश के किसानों को हित में रखते हुए ना केवल बड़े फैसले लेते हैं, बल्कि हर बार हर साल किसानों को नई सौगात देने का काम करते हैं। केंद्र सरकार द्वारा धान , मिलेट्स और अन्य कृषि उत्पादों पर समर्थन मूल्य बढ़ाने का जो काम किया है। मैं पूरे छत्तीसगढ़ की ओर से देशवासियों की ओर से मोदी जी के इस निर्णय के लिए बहुत-बहुत उनको बधाई देता हूं। जो वृद्धि हुई है वह आज धान का समर्थन मूल्य 2183 रू. हो गया है और बढ़ते हुए हर वर्ष समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई।

2014-15 में 1360 अभी बढ़ कर 2183 रुपए हो गया है। उड़द दाल की एमएसपी 350 बढ़ाकर 6950 प्रति क्विंटल हो गई है। मक्के के एमएसपी 128 की वृद्धि , मूंग में सर्वाधिक एमएसपी 803 प्रति क्विंटल बढ़ा है। निश्चित रूप से किसानों को सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

छत्तीसगढ़ में एमएसपी बढ़ा है और केंद्र सरकार पूरे के पूरे चावल को अपने केंद्र के उपयोग के लिए लेती है प्रतिवर्ष अब किसानों को 23 हज़ार करोड रुपए यानी 107 लाख मैट्रिक टन के हिसाब से देखा जाए तो केंद्र से प्राप्त होगा। 23000 करोड़ केंद्र सरकार की राशि मिलेगी। यह बहुत बड़ी राशि है मिनिमम सपोर्ट प्राइस के समर्थन में दिया जाता है।

***कांग्रेस की जब सरकार 10 साल थी तो वह भूल गए थे की मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर वृद्धि भी होती है। उनके 10 साल की तुलना करें और अभी मैं तुलना इसलिए कर रहा हूं कि 2014 से बढ़कर अभी जितना एमएसपी हुआ है, ये पीएम मोदी का किसानों से किया गया वादा था। उसकी उपलब्धि रही है और इसमें हर साल वृद्धि होती रही है। मनमोहन सिंह के सरकार में यह स्थिति नहीं थी।***

## 14 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

परिजनों ने बताया मानसिक बीमारज जांच में जुटी पुलिस




**भिलाई।** शहर में 14 साल की बच्ची द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। सुपेला थाना क्षेत्र नेहरू भवन के पास रहने वाली नाबालिग ने खुदकुशी है। आत्महत्या का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने बच्ची के मानसिक बीमार होने की जानकारी दी है। बताया जा रहा है बच्ची कक्षा 8वीं में पढ़ती थी।

सुपेला पुलिस मामले की जांच कर रही है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुपेला नेहरू भवन के पास रहने वाली संतोषी निर्मलकर ने बुधवार को अपने घर पर फांसी लगा ली। दोपहर को खाना खाने के बाद वह अपने छोटे भाई के साथ सोई हुई थी। शाम को जब छोटे भाई की नींद खुली तो उसने बहन को फांसी के फंदे पर लटके देखा। बहन को फंदे पर लटका देख वह काफी घबरा गया और चीखते हुए मां के पास पहुंचा। परिजनों ने देखा तो वे भी बदहवास हो गए। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और पीएम के लिए भेज दिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि बच्ची मानसिक बीमार थी और उसका इलाज चल रहा था। बच्ची ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं मिली है। सुपेला पुलिस घटना की जांच कर रही है।

*ओम माथुर न तो रमन सिंह, राजेश मूणत और न केदार को लाए साथ, अपने साथियों पर ही भरोसा नहीं*

## कोई भी पोंगा पंडित आ जाए, फर्क नहीं पड़ेगा-कवासी लखमा

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा अंतागढ़ पहुंचे. अंतागढ़ के मद्रसीपारा में 3 मूर्तियां रानी दुर्गावती, गेंदसिंह और वीर गुण्डाधुर का अनावरण किया. यहां कवासी लखमा भाजपा पर जमकर बरसे. उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर बस्तर दौरे पर हैं, लेकिन वे अपने साथ न तो रमन सिंह, राजेश मूणत और केदार कश्यप को अपने साथ लेकर नहीं जा रहे हैं. उन्हें अपने साथियों पर भरोसा नहीं है।

लखमा ने कहा कि हमारे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के साथ ही सब मिल कर दौरा करते हैं, क्या



भाजपा के लोग प्रधानमंत्री के नाम से चुनाव लडेंगे, कितना भी घूम लें कोई फर्क नहीं पड़ेगा. साथ ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के दौरे को लेकर बोले की कोई भी पोंगा पंडित आ जाए कोई फर्क नहीं पड़ेगा. छत्तीसगढ़ में केवल एक ही आदमी है वो है कका।

वहीं मंत्री लखमा ने अरविंद नेताम संबंध में कहा कि अब उन्हें घर में बैठना चाहिए. आदिवासियों को आदिवासियों से लड़ाने का काम उन्होंने किया. कांग्रेस पार्टी ने उन्हें सब कुछ दिया. यहां के आदिवासी बहुत समझदार हैं, वे एक भी सीट नहीं जीत पाएंगे. मंत्री लखमा ने कहा कि अभी हम लोग 71 हैं, आने वाले दिनों में 75 सीट में जीत हासिल करेंगे. भाजपा के लोगों के द्वारा गौठान दौरे को लेकर आबकारी मंत्री लखमा की जुबान भी फिसली. उन्होंने भाजपा के लोगों को माई लोटिया (हल्बी में अपशब्ध) कह दिया।

## तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत, बिना बताए घर से निकल गए थे दोनों

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के उरला क्षेत्र में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। दोनों बच्चे घर पर बिना बताए खेलने निकल गए थे। खेल-खेल मे तालाब पहुंच गए और हादसे का शिकार हो गए। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरोंकी मदद से बच्चों के शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार उरला थाना क्षेत्र के न्यू राजेंद्र नगर रहने वाले आयुष यादव (6) और आदर्श यादव (4) गुरुवार को घर पर किसी को बताए बगैर खेलने निकल पड़े। बच्चों की मां घर पर बर्तन धो रही थी इस बीच दोनों भाई एक दूसरे का हाथ पकड़कर चले गए। काफी देर तक दोनों बच्चे वापस नहीं लौटे तो घरवालों



ने दोनों की तलाश शुरू की। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस ने बच्चों की तलाश शुरू की। पुलिस ने जब तलाश शुरू की तो घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में दोनों के शव मिले। पुलिस ने तालाब से दोनों शव बाहर निकलवाए और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सुबह घर से निकलने के बाद बच्चे खेल-खेल में तालाब में नहाने चले गए और गहराई में फंस गए। इससे बच्चे डूब गए। बच्चों की मौत से उनके घर के साथ ही क्षेत्र में मातम का माहौल है।

## आपस में भिड़ी स्कूटी और बाइक, हादसे में 1 की मौत, छात्रा समेत 2 गंभीर

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में गुरुवार सुबह बाइक और स्कूटी में जोरदार भिड़ंत हो गया. दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक छात्रा समेत 2 गंभीर रूप से घायल हैं. घायलों को उपचार के लिए पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां छात्रा की स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, जांजगीर-पामगढ़ मुख्यमार्ग में आज सुबह 7 बजे के करीब स्कूटी और बाइक की आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई. जिससे बाइक सवार 3 युवक और स्कूटी सवार छात्रा जमीन पर गिर पड़ी. घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसा इतना जोरदार था कि दोनों गाड़ी के परखच्चे उड़ गए. बताया जा रहा है कि मुड़पार (ब) निवासी पूर्वा खांडेकर ट्यूशन के



लिए स्कूटी से पामगढ़ आ रही थी.

*वह भदरा पहुंची थी कि सामने से कुटरा निवासी तीन युवक, जिसमें सागर कश्यप 20 साल, बजना कश्यप 20 साल और चंद्रमणि कश्यप 22 साल बाइक से पामगढ़ से कुटरा की ओर जा रहे थे. दोनों की आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई. घायलों को तत्काल उपचार के लिए पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया. जहां बाइक चालक सागर कश्यप को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. वहीं छात्रा पूर्वा खांडेकर की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया है।*

क्राईम...

### नगदी समेत 8 लाख का सामान जब्त

## राजधानी के फ्लैट में चल रहा था ऑनलाइन सट्टा, पुलिस ने मारी रेड

रायपुर। राजधानी पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा का भंडाफोड़ किया है. शहर के सबसे रिहायशी इलाके अशोका आयकन सोसायटी के फ्लैट में ऑनलाइन सट्टा का खेल चल रहा था. जहां पुलिस ने रेड मारकर ऑनलाइन सट्टा के सिंडीकेट के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है. इसके साथ ही दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



सभी आरोपी ऑनलाइन सट्टा एप जेम्स 777, लकीबुक91 डॉटकॉम और अन्य एप में आई.डी. बनाकर, आई.डी बांटकर विभिन्न राज्यों में सट्टा सिंडीकेट का संचालन कर रहे थे. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 मोबाइल, 2 लैपटॉप, मैकबुक, 1 साउंड मिक्सर डिवाइस, नगदी 2 लाख 80,000 हजार रुपये जब्त किया. पुलिस ने लगभग 8 लाख रुपये का सामान जब्त किया है. इसके साथ

**20 करोड़ से अधिक का मिला ट्रांज़ैक्शन, 3 गिरफ्तार**

ही 20 करोड़ से अधिक ट्रांज़ैक्शन डिटेल के रिकॉर्ड भी जब्त किये गए हैं.यह मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की पंडरी थाना क्षेत्रांतर्गत मोवा स्थित अशोका आयकन सोसायटी में में युवक अपने साथियों के साथ मिलकर ऑनलाइन सट्टा का संचालन कर रहा है. आई.डी. बनाकर, आई.डी बांटकर ऑनलाइन सट्टा का सिंडिकेट संचालन कर रहा है। जिसपर पुलिस अशोका आयकन सोसायटी स्थित फ्लैट में जाकर रेड कार्रवाई की. रेड कार्रवाई के दौरान मकान में 2 व्यक्ति उपस्थित मिलें, जिनके पास रखे लैपटॉप को चेक किया गया, जिसमें आरोपी जेम्स-777, लकीबुक91 डॉटकॉम और अन्य ऑनलाइन सट्टा एप में आई.डी. बनाकर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे थे. पूछताछ पर दोनों ने अपने साथी सहित अन्य के साथ मिलकर विभिन्न राज्यों में ऑनलाइन सट्टा का सिंडीकेट संचालित करना स्वीकार किया. जिस पर पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी की भी पतासाजी कर पकड़ा. तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 14 नग मोबाइल, 2 लैपटॉप, मैकबुक, 1 साउंड मिक्सर डिवाइस, 2 लाख 80 हजार नगदी जुमला कीमती लगभग 8 लाख रूपये और 20 करोड़ से अधिक ट्रांज़ैक्शन डिटेल का रिकॉर्ड जब्त किया. आरोपियों के खिलाफ पंडरी थाना में धारा 4(क) जुआ एक्ट, छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 06, 07 और 66डी आईटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## बिलासपुर संभाग की हारी हुई 11 सीटें जीतने रणनीति के साथ आगे बढ़ रहे-मोहन मरकाम

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सभी राजनीतिक पार्टियां आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है. कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने टिकट को लेकर कहा कि सर्वे के बाद हाईकमान नाम तय करता है



सर्वे के टॉप 3 नामों पर हम विचार करते हैं. बाकी हमारे साथी उन्हें जीतने में लग जाएं। मरकाम ने कहा, बिलासपुर संभाग के 11 सीटें पिछले चुनाव में हम हारे थे. उन्हें कैसे जीतना है, इस रणनीति के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं. अभिभावक की भूमिका होती है, जो भी संगठन और पार्टी हित में है वह निर्णय लेते हैं।

बीजेपी के पुरखौती सम्मान यात्रा पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा, 15 साल तक बीजेपी ने आदिवासियों की उपेक्षा की थी. आदिवासी गौरव की उपेक्षा की थी और जननायकों के गौरव की उपेक्षा की थी. बीजेपी निश्चित हार देखकर पुरखौती सम्मान यात्रा निकालने का प्रयास कर रही है.

***मरकाम ने कहा, प्रदेश सरकार ने आदिवासियों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है. 15 साल जिनको मौका मिला वह कुछ नहीं कर पाए. केवल उनके नाम पर वोट बटोरने का काम करते हैं. यह यात्रा निकालने से कुछ नहीं होगा।***

# हिंसा की सारी हदें हो रही हैं पार, सरकार को अब सख्ती बरतने की जरूरत

*एक घायल बच्ची को लेकर जा रही दो महिलाओं के साथ तीन लोगों के एंबुलेस को भीड़ ने रोककर जला दिया। एंबुलेस को लेकर जा रहे कमांडो पुलिस अधीक्षक को जान बचाने के लिए साधारण कार से भागना पड़ा। इससे साफ है कि मणिपुर खतरनाक राह पर चल पड़ा है। कानून का राज चलाने के लिए अब सख्ती की जरूरत है। कूकी महिलाओं ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री के आवास के सामने प्रदर्शन किया। उन्हें अब राज्य सरकार पर भरोसा नहीं रहा है। तीन घायलों को लेकर जा रहे एंबुलेंस को सरेराह जला दिया गया।*

उस पर सवार तीन लोग पूरी तरह जल गए। इस घटना को करीब दो हजार की भीड़ ने अंजाम दिया। यह घटना इस बात का संकेत है कि मणिपुर खतरनाक राह पर चल पड़ा है। जहां पर चिकित्सा के लिए एंबुलेंस से जा रहे लोगों की भी हत्या कर दी जाती है। मृतकों में एक घायल बालक और उसकी मां भी शामिल है। युद्ध के दौरान भी शत्रु पक्ष के एंबुलेंस पर हमला नहीं किया जाता है। पूर्वोत्तर में भी उग्रवादी समूहों ने कभी किसी बच्चे या महिला पर जान-बूझकर हमला नहीं किया है। लेकिन मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जारी हिंसा ने सारी हदें पार कर दी हैं। इनके लिए मानवता का कोई मतलब नहीं है। आज के समय में भी ये पाषाण काल में चले गए हैं।

केंद्र और राज्य सरकार ने अपने स्तर पर संवाद की कोशिश की थी। बावजूद इसके इस तरह की भयानक हिंसा जारी है। मृतक जान बचाने के लिए सुरक्षाबलों के शिविर में थे, जहां पर हमला किया गया। ये लोग घायल हो गए थे। उन्हें सुरक्षाबलों की निगरानी में बेहतर चिकित्सा के लिए एंबुलेंस से ले जाया जा रहा था। इस दौरान भीड़ ने रास्ता रोक लिया। इतनी बड़ी भीड़ पर गोली चलाना सुरक्षाबलों के लिए संभव नहीं था। भीड़ ने एंबुलेंस में आग लगा दी। उस पर सवार तीनों लोग भस्म हो गए।

## अब सख्ती बरतने की जरूरत

यह क्रूरता की हद है। इसलिए अब संवाद नहीं, सख्ती की जरूरत है। ऐसे लोग संविधान के खिलाफ हैं। विभिन्न नागरिक संगठनों की अपील के बाद पहली बार मणिपुर समेत समस्त पूर्वोत्तर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार कानून को हटाने की पहल आरंभ




***युद्ध के दौरान भी शत्रु पक्ष के एंबुलेंस पर हमला नहीं किया जाता है। पूर्वोत्तर में भी उग्रवादी समूहों ने कभी किसी बच्चे या महिला पर जान-बूझकर हमला नहीं किया है। लेकिन मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जारी हिंसा ने सारी हदें पार कर दी हैं। इनके लिए मानवता का कोई मतलब नहीं है। आज के समय में भी ये पाषाण काल में चले गए हैं।***

हुई थी। लेकिन मणिपुर में जो कुछ हो रहा है, उससे निपटने के लिए सुरक्षाबलों को विशेष अधिकार की जरूरत है, वरना मणिपुर में जंगल का कानून चलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे और विभिन्न संगठनों से संवाद के बावजूद ऐसी घटना का होना चिंतनीय है। केंद्र सरकार को अब सख्ती बरतनी होगी। इसके लिए जरूरत पड़े तो अपनी ही सरकार को निलंबित करके वहां पर राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए, क्योंकि हालात बिगड़ते जा रहे हैं। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच की खाई गहरी हो गई है, जिसे भरना फिलहाल तो संभव नहीं दिख रहा है। ऐसे में सुरक्षाबलों को अपना काम करने देना चाहिए।

यह संभव है कि सुरक्षाबलों की कार्रवाई से नागरिक संगठन नाराज हो जाएं, लेकिन वहां के निर्दोष और निरीह लोगों को बचाने के लिए सुरक्षाबलों को पूरी छूट चाहिए। इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि इस हिंसा के पीछे कौन लोग हैं?

इतना तो साफ है कि इस घटना के बाद मणिपुर के हालात और बिगड़ सकते हैं। इंटरनेट को बंद करने के बावजूद स्थिति बिगड़ रही है। सूचनाओं को रोककर स्थिति पर बहुत दिनों तक काबू नहीं पाया जा सकता है।

अब केंद्र सरकार के सामने सख्त कार्रवाई के बिना और कोई उपाय नहीं है। हिंसा में शामिल लोगों और समूहों पर सख्त कार्रवाई का समय आ गया है। पूरे मणिपुर में कर्फ्यू लगा देना चाहिए। जब आम लोग परेशान होंगे तो हिंसा फैलाने वाले समूहों पर हिंसा से दूर रहने का दबाव डालेंगे। इस पूरे मामले में मणिपुर की राज्य सरकार भी जिम्मेदार है।

मणिपुर बहुजातीय और बहुधर्मीय राज्य है। किसी एक धर्म के लोगों के पक्ष में काम करने से ही स्थिति बिगड़ी है। इसलिए अब कानून का राज स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए। सुरक्षाबलों की पर्याप्त मौजूदगी, हिंसा के खिलाफ कार्रवाई और केंद्र सरकार की सजगता के बावजूद मणिपुर में स्थिति बहाल नहीं हो पाई है। सेना, केंद्रीय सुरक्षाबल तथा राज्य पुलिस का अभियान जारी है। बावजूद इसके हिंसा की छिटपुट घटनाएं जारी हैं। अभी भी इंटरनेट सेवा बहाल नहीं हुई है। इसी बात से स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है। राज्य सरकार को लगता है कि इंटरनेट सेवा जारी करते ही सोशल मीडिया पर आने वाली सूचनाएं स्थिति को और बिगाड़ सकती हैं। लगातार कर्फ्यू और हिंसा से आम लोगों का जीना मुहल हो गया है। जरूरी वस्तुओं की किल्लत हो गई है। अमन पसंद लोग परेशान हैं। जिनकी आर्थिक क्षमता है, वे मणिपुर से निकलकर गुवाहाटी या देश के दूसरे राज्यों की तरफ जा रहे हैं।

## पलायन करने को मजबूर हैं लोग

कूकी समुदाय के लोगों का भी पलायन जारी है। काफी संख्या में लोग मिजोरम की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। उनकी स्थिति पर नजर रखने के लिए मिजोरम में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। मणिपुर के पहाड़ी जिले की सीमा मिजोरम से सटती है।

## संपादकीय

### सवाल सुरक्षित यात्रा का

इस बीच कई ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर सवाल उठे हैं। ओडिशा के बालासोर में हुई ट्रेन दुर्घटना ने फिर भारत में रेलवे सुरक्षा के मुद्दे पर ध्यान खींचा है। यह हादसा ऐसे समय में हुआ, जब भारत सरकार रेल यात्रा को कथित रूप से तेज और सुखद बनाने की कोशिश कर रही है। पिछले कुछ सालों से भारत सरकार ने रेल नेटवर्क में से एक में हाई-स्पीड- ऑटोमेटेड ट्रेनों को शुरू करके रेल आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने का दावा किया है। सरकार के घोषित लक्ष्यों में 2024 तक रेलवे का 100 फीसदी विद्युतीकरण करना और 2030 तक नेटवर्क को कार्बन न्यूट्रल बनाना शामिल है। लेकिन इसी बीच कई ट्रेन दुर्घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिनके लिए चरमराते बुनियादी ढांचे को जिम्मेदार ठहराया गया है। जाहिर है, इन हादसों के कारण ट्रेनों के रखरखाव और ट्रैक के नवीनीकरण पर खर्च किए जा रहे पैसे पर सवाल उठे हैं। भारतीय रेलवे को 13-14 लाख कर्मचारियों के साथ देश की जीवन रेखा माना जाता है। भारतीय ट्रेनों में प्रतिदिन लगभग सवा दो करोड़ लोग सफर करते हैं और रेलवे 30 लाख टन माल की ढुलाई करती है। लगभग 68,000 किलोमीटर के ब्रॉड-गेज नेटवर्क पर 21,000 से अधिक ट्रेनें दौड़ती हैं। मगर नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) के एक आकलन के मुताबिक, 2017-18 से 2020-21 के बीच खराब ट्रैक रखरखाव, ओवरस्पीडिंग और मैकेनिकल फेलियर ट्रेनों के पटरी से उतरने के प्रमुख कारण रहे।

# रेल बजट का आम बजट में विलय होने से रेलवे की सेहत पर खास फर्क नहीं पड़ा है

ओडिशा के बालासोर में 2 जून की शाम को हुए भीषण ट्रेन हादसे में करीब तीन सौ लोग मारे गए हैं और एक हजार से भी ज्यादा घायल हुए हैं। इस हादसे में कोलकाता से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी और इसी बीच यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस वहां आ गई और कोरोमंडल से टकरा कर पलट गई।

इस टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेन का इंजन बोगी के ऊपर चढ़ गया। बालासोर के पास बाहानगा बाजार स्टेशन के नजदीक हुए हादसे में पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और यह ट्रेन दूसरी तरफ से आ रही यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतरे और उसी दौरान कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से जा टकराई। यह रेल हादसा कितना भयानक था, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि रेल की पटरी सीधे ट्रेन के फर्श को चीरते हुए अंदर घुस गई और बोगी के आर-पार हो गई। भारत में आजादी के बाद हुए घातक ट्रेन हादसों में यह हादसा अत्यधिक भीषण हादसा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर किसी का



**भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उप मों में से एक है, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है।**

हाथ कटा पड़ा था तो किसी का पैर, किसी का सिर तो किसी का धड़। रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) ए.एम. चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि देश में 16 महीने बाद कोई ऐसा रेल हादसा हुआ है, जिसमें लोगों की जान गई है। इससे पहले 14 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी। हादसे के समय ट्रेन की गति कम थी, अन्यथा रेल तंत्र की लापरवाही के कारण वह दुर्घटना बहुत बड़ी हो सकती थी। उस समय कहा गया था कि वह हादसा 34 महीने बाद हुआ था।

हालांकि वास्तव में ऐसा है नहीं, रेल हादसे निरन्तर होते रहे हैं और लोग ऐसे हादसों की बलि चढ़ते रहे हैं। इसी साल 2 जनवरी को राजस्थान में पाली के नजदीक बांद्रा-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बेपटरी हो गए थे, उस हादसे में 26 यात्री घायल हुए थे। 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस ने बरेली-शाहजहांपुर के पास क्रॉसिंग पर कुछ वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 3 फरवरी 2019 को जोगबनी से दिल्ली जा रही सीमांचल एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने से सात से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। ऐसे हादसों में हर बार हताहतों की चीखें खोखले रेल तंत्र की कमियों को उजागर करते हुए समूचे रेल तंत्र को कटघरे में खड़ा करती रही हैं लेकिन उसके बावजूद रेल हादसों पर लगाम नहीं कसी जा रही। भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक है, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है।

-योगेश कुमार गोयल

## मिला जुला

### एक नजर

**कैंपस 1 उद्घाटन करने वाले 2**

### विवाद के बीच केजरीवाल और एलजी दोनों ने किया शुभारंभ

नई दिल्ली। केजरीवाल सरकार और राजनिवास के बीच विभिन्न मुद्दों पर टकराव लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला आईपी यूनिवर्सिटी के पूर्वी दिल्ली कैंपस के उद्घाटन से जुड़ा है। विवाद के बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आज गुरुवार को सूरजमल विहार स्थित गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ (आईपी) विश्वविद्यालय के पूर्वी कैंपस का शुभारंभ किया है। इस दौरान दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी भी मौजूद रहीं।
आईपी यूनिवर्सिटी के उद्घाटन अवसर पर सीएम केजरीवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए ईस्ट कैंपस को देश का बेस्ट कैंपस बताया। सीएम ने इसके लिए खासतौर पर पूर्वी दिल्ली के लोगों को बधाई दी है। आज आईपी यूनिवर्सिटी का ईस्ट कैंपस देश को समर्पित किया जा रहा है। यह खूबसूरत कैंपस है। सुविधा और संरचना के हिसाब से ये देश का बेस्ट कैंपस है।

### बिहार में पुल के पिलर और दीवार के बीच फंसा लड़का, बचाने की कोशिश जारी



सासाराम. बिहार के रोहतास जिले के नसरीगंज थाना क्षेत्र में नासरीगंज- दाऊदनगर सोन पुल पर अजब हादसा हुआ। यहां के पिलर और दीवार के बीच 12 साल का एक लड़का फंस गया। खबर लिखे जाने तक किशोर को सुरक्षित निकालने को लेकर प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है। करीब दो फुट से भी कम चौड़े दरार में फंस जाने से किशोर का शरीर आंशिक रूप से दिखाई दे रहा है। किशोर की पहचान खिरीआंव गांव निवासी शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ भोला साह के 12 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में हुई है।

## देश ही नहीं, विदेशों में भी मोदी सरकार की धाक

# जयशंकर बोले- नौ साल में भारत के प्रति बदला दुनिया का नजरिया

**नई दिल्ली।** भारत अब दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन रहा है। बीते नौ सालों में देश का चौतरफा विकास हो रहा है। ये बात विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर विदेश नीति को लेकर कही।

### मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल

पीएम नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के 9 साल पूरे होने पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए एस जयशंकर ने कहा-

'दुनिया, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ, भारत को एक विकास भागीदार के रूप में देख रहा है- एक विश्वसनीय, प्रभावी विकास भागीदार के रूप में। दुनिया अब न केवल भागीदार बल्कि आर्थिक सहयोगी के रूप में भारत को देख रही है।'

### भारत के साथ काम करने को सभी उत्सुक




जयशंकर ने कहा कि आज लोग भारत को सुनना चाहते हैं और उन्हें लगता है कि भारत के साथ काम करने से उनका प्रभाव भी तेज होगा। उन्होंने कहा कि आज हम जो दुनिया पर प्रभाव डाल रहे हैं, उससे हमारी परंपरा तक का उत्सव मनाया जा रहा है।

### राहुल पर तंज, 2024 चुनाव की भविष्यवाणी

विदेश मंत्री ने इस बीच राहुल गांधी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल की आदत है कि जब वो बाहर जाते हैं, तो वे देश की आलोचना करते हैं, हमारी राजनीति के बारे में टिप्पणी करते हैं। जयशंकर ने कहा कि दुनिया देख रही है कि इस देश में चुनाव होते हैं और चुनाव में कभी एक पार्टी जीतती है, तो कभी दूसरी पार्टी। अगर देश में लोकतंत्र नहीं है तो ऐसा परिवर्तन तो नहीं आना चाहिए। जयशंकर ने इसी के साथ 2024 के चुनाव के नतीजों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हमें पता है कि नतीजे तो वही होंगे जो पहले थे।

### कोरोना काल में भी लोगों का नहीं छोड़ा साथ

विदेश मंत्री ने कहा कि कोविड के दौरान बहुत से देशों ने अपने नागरिकों को उनके हाल पर छोड़ दिया था, लेकिन हम कोविड के दौरान फंसे हुए कम से कम 70 लाख लोगों को वापस लाए।

### पटना में 23 जून को होगी विपक्षी दलों की बैठक; ललन सिंह बोले- राहुल, ममता, केजरीवाल और स्टालिन होंगे शामिल



**पटना.** बिहार की राजधानी पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक की नई तारीख आ गई है. पहले 12 जून को प्रस्तावित यह बैठक अब 23 जून को आयोजित की जाएगी. बिहार की सत्ताधारी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के प्रमुख ललन सिंह ने बुधवार शाम यह जानकारी दी.

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उद्धव ठाकरे, एनसीपी प्रमुख शरद पवार, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, सीपीआई महासचिव डी राजा, सीपीएम नेता सीताराम येचुरी और दीपांकर भट्टाचार्य शामिल होंगे.

## आरी से काटा और टुकड़ों को कुकर में उबाला

# मुंबई में 56 साल के लिव इन पार्टनर ने किया महिला का कत्ल

महाराष्ट्र. दिल्ली के श्रद्धा मर्डर केस जैसा ही एक मामला मुंबई में सामने आया है। यहां एक 56 साल के शख्स ने अपनी लिव इन पार्टनर का कत्ल कर दिया और फिर आरी से शव के टुकड़े कर डाले। यही नहीं आसपास में किसी को शक ना हो और बदबू ना आए, इसके लिए वह शरीर के टुकड़े एक-एक कर फेंकता रहा। पुलिस सूत्रों का तो यहां तक करना है कि मनोज नाम का यह शख्स



लिव इन पार्टनर सरस्वती के शव के टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबालता भी था ताकि बदबू को खत्म कर सके। उसके घर से 32 साल की सरस्वती के शरीर के निचले अंग ही पाए गए हैं, जबकि ऊपरी हिस्से को मनोज ने गायब कर दिया।

पुलिस सूत्रों ने शुरुआती जांच के आधार पर बताया कि यह वीभत्स हत्याकांड शायद दो से तीन पहले ही हुआ था। 56 साल के मनोज साहनी के साथ 32 वर्षीय सरस्वती वैद्य लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। दोनों मीरा रोड पर स्थित गीता नगर की आकाशदीप बिल्डिंग में रह रहे थे। आसपास के लोगों का कहना है कि दोनों ही यहां तीन साल से साथ रह रहे थे।

# आर्मी की कोशिशें भी फेल, अब गुजरात से आई रोबोटिक टीम सृष्टि को निकालने में करेगी मदद

**भोपाल.** सीहोर जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम मुंगावली में 300 फीट गहरे बोरवेल में फंसी ढाई वर्षीय सृष्टि को 36 घंटे हो गए हैं. सृष्टि को बचाने के लिए पहले एसडीआरएफ फिर एनडीआरएफ की टीम ने तमाम कोशिश की लेकिन सृष्टि को बाहर नहीं निकाल सके, इसके बाद आर्मी बुलाई गई. आर्मी ने भी प्रयास किए पर सफलता नहीं मिल सकी है. अब गुजरात से रोबोटिक बुलाई गई है जो सृष्टि को निकालने के लिए प्रयासरत है. बताया जा रहा है गुजरात से तीन सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम सडक् मार्ग से ग्राम मुंगावली पहुंची है. बताया जा रहा है कुछ दिन पहले जामनगर में भी इस टीम ने ऐसे ही रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया था और सफलता भी मिली थी.

### पहले 27 फीट पर थी सृष्टि

मुंगावली गांव में ढाई वर्षीय बालिका सृष्टि कृशवाह घर के पास ही स्थित एक सूखे बोर में



कल दोपहर एक बजे गिर गई थी. शुरुआत में बच्ची 27 फीट पर फंसी हुई थी, लेकिन खुदाई कार्य के दौरान पत्थर आ जाने की वजह और पोकलेन मशीन से हो रहे कंपन की वजह से बच्ची खिसकते खिसकते 150 फीट पर जा पहुंची है. बच्ची को निकालने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल सकी है.

### सीएम खुद कर रहे मॉनीटरिंग

बता दें सृष्टि को निकालने के लिए जो ऑपरेशन चलाया जा रहा है उसकी मॉनीटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की जा रही है. एक दिन पहले ही सीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए बताया था कि ढाई वर्षीय बच्ची को बाहर निकालने के लिए ऑर्मी को कॉल किया गया है. इधर आर्मी आई और प्रयास भी किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली, नतीजतन अब गुजरात से तीन सदस्यीय टीम आई है.

# भाजपा को एका के सूत्र मे पिरोने वाले नायक उमेश अग्रवाल

## उमेश के सुदृढ़ कंधों पर चल कर पार्टी सफलता के नए सोपान तय करेगी

जोहार छत्तीसगढ़ – रायगढ़।

**जिले की राजनीति में भाजपा के द्वितीय पंक्ति के सबसे कद्दावर नेता के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल का नाम आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है ।**

अपनी ही सरकार के दौरान नशा मुक्ति अभियान का एक ऐसा आंदोलन छेड़ा की समूचे ग्राम्यांचल के युवाओं , महिलाओं व सयानों के मध्य देखते ही देखते अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित कर ली । लगातार दूसरी बार जिला भाजपाध्यक्ष की जिम्मेवारी उनकी कुशल संगठन क्षमता व अजातशत्रु नेता की पहचान के रूप में मिला इनाम है । उनके कुशल नेतृत्व में पार्टी ने केवल और भी सुदृढ़ होकर उभरी है वरन आगामी चुनौतियों का बेहतर मुकाबला करने के लिए भी कटिबद्ध है ।

भाजपा को पहली बार ऐसा जिलाध्यक्ष मिला जिसे कार्यकर्ता भोले भंडारी के रूप में जानते और मानते है। दशकों से अपना सर्वस्व भाजपा को समर्पित करने वाले उमेश अग्रवाल कुशल संगठक के रूप मे स्थापित हैं । पंद्रह साल भाजपा की सत्ता के दौरान वे प्रवक्ता रहे , उसके बाद कोषाध्यक्ष पद का सफलता पूर्वक निर्वहन किया , इसके बाद रमन सिंह के अंतिम कार्यकाल के दौरान वे संगठन के महामंत्री भी रहे। यूँ तो भाजपा की राजनीति में प्रथम पंक्ति के नेताओ में विजय अग्रवाल एवं रोशन लाल का नाम शामिल है।



उमेश अग्रवाल द्वितीय पंक्ति के युवा नेताओ में सबसे अनुभवी माने जाते हैं । छत्तीसगढ़ के गठन के बाद पहली बार विजय अग्रवाल विधायक बने उसके बाद रोशन अग्रवाल विधायक बने , दोनो ही नेताओ के विधायकी कार्यकाल में उमेश अग्रवाल संगठन में मुख्य भूमिका में शामिल रहे। विवादित राजनीति से सदैव किनारे रहने वाले उमेश अग्रवाल ने जिला भाजपा में सकारात्मक राजनीति की आधार- शिला रखी। अमूमन राजनीति में ऊपर चढ़ने के दौरान नीचे टांग खींचने वालों की संख्या कम नही किंतु उमेश अग्रवाल की सकारात्मक राजनीति का यह सुखद पहलू है कि राजनीति में उनके दुश्मनों की संख्या बिलकुल नहीं है। जिला भाजपा को गुटबाजी की प्रेत बाधा से मुक्त करने वाले उमेश अग्रवाल ने बड़े ही संघर्षों के बाद जिला भाजपा के दरवाजे प्रत्येक सामान्य कार्यकर्ता के लिए भी खोले। राजनीति में उनका बढ़ता कद विरोधियों को रास नहीं आया , यही वजह है कि उनके बेटे के खिलाफ मामला पंजीबद्ध हुआ वही उमेश अग्रवाल के खिलाफ व्यक्तिगत आरोप भी पंजीबद्ध किया गया । झूठी प्रवंचनाओं के खिलाफ साथियों ने भी अभूतपूर्व एकता का परिचय दिया और जिले भर से हजारों आक्रोशित कार्यकर्ताओ ने थाने का घेराव कर दिया।

प्रदेश संगठन द्वारा दिए जा रहे कार्य कार्यक्रमों का संचालन किए जाने के मामले में भी रायगढ़ जिला भाजपा का स्थान सबसे ऊपर है। बतौर जिला- अध्यक्ष उमेश अग्रवाल की कार्यशैली से प्रदेश भाजपा के आला नेतागण पूर्ण संतुष्ट हैं । प्रदेश स्तर पर बेरोजगारी एवम प्रधान मंत्री आवास को लेकर हुए धरने प्रदर्शन में रायगढ़ से सबसे अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए । इसे लेकर रायगढ़ जिला भाजपा अध्यक्ष की पीठ भी थपथपाई गई।रायगढ़ में हुए धरना प्रदर्शन के दौरान भी धड़ों में बंटी हुई भाजपा एकजुट नजर आई । बतौर विपक्ष भाजपा की भूमिका रायगढ़ जिले में सराहनीय आँकी गई है।विधान सभा चुनाव के बाद रायगढ़ लोकसभा की जीत से लेकर नगर निगम चुनाव त्रिस्तरीय चुनाव में भाजपा ने सत्ता रूढ़ पार्टी कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी। विधान सभा चुनाव में निगम क्षेत्र से पिछड़ने वाली भाजपा एक साल बाद हुए निगम चुनाव में आगे रही। पिछले दिनों हुए वार्ड नंबर 27 के उपचुनाव में भाजपा की जीत को भी उमेश अग्रवाल की करिश्माई नेतृत्व का परिणाम माना जा रहा है । आगामी विधान सभा चुनाव के दौरान जिला भाजपा को टक्कर के लिए तैयार करने वाले उमेश अग्रवाल की रायगढ़ विधान सभा में स्वाभाविक दावेदारी भाजपा के लिए जीत का मार्ग प्रशस्त करेगी , ऐसा तटस्थ प्रेक्षकों का भी मानना है ।बहरहाल , उमेश अग्रवाल की अगुवाई में सियासत के मैदान में जिला भाजपा भविष्य में भी उम्दा प्रदर्शन करती रहेगी , इसे लेकर कोई संशय नही है ।

# युवक युवती परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**फरसगांव।** मां दन्तेश्वरी की पावन धरा ग्राम बड़ेडोंगर में 18 गढ़ हल्बा आदिवासी समाज युवा प्रकोष्ठ संभाग बड़ेडोंगर का युवक युवती परिचय सम्मेलन गढ़ बड़ेडोंगर के पाली ग्राम पाण्डेपारा पातर बगीचा में रखा गया, इस कार्यक्रम में संभाग बड़ेडोंगर के पांचों गढ़ - बड़ेडोंगर, कोपरा, सिलयारा, आमाबेड़ा,चेर्रामेंढो के समस्त युवा युवती की उपस्थिति रही कार्यक्रम की अध्यक्षता केशर चंद पुजारी संभागीय युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष संभाग बड़ेडोंगर द्वारा किया गया, मुख्य अतिथि लतेल राम नाईक अध्यक्ष 18 गढ़ महासभा बड़ेडोंगर रहे, विशेष अतिथि एन.एल. नाग, शिवकुमार पात्र, गोरखनाथ बघेल, शिवचरण




भेड़िया, मुरलीधर नाईक, भुनेश्वर पुजारी, बिरेंद्र प्रधान, नारायण प्रधान, भक्तु समरथ, बिलम नाग, महेन्द्र कुदराम, संतोष मांझी, दुलम नाग, ठगेश्वर नाग, दुलेन्द्र पात्र, मनोज राना, गजाधर भारद्वाज, भरत पुजारी, घसियाराम धनेलिया, गुमान सिंह नाग, सोनु नाईक, बिन्देश्वर राना, घनश्याम समरथ, सत्येन्द्र भेड़िया, कृष्णा प्रधान, योगेश्वरी मांझी, मालती राना, यशोदा मांझी व समाज के सभी प्रकोष्ठ के सामान्य प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ,के पांचों गढ़ के सभी समाज गण उपस्थित रहे।

# धार्मिक व सांस्कृतिक नगरी कोंडागांव के मरणोपरांत नेत्रदान के लिए आगे आया संचेती परिवार

**कोंडागांव ।** जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत नेत्रदान सच्ची मानव सेवा है. ऐसा ही कुछ हुआ कोंडागाँव में जब कोंडागाँव के धर्मनिष्ठ सुश्रावक श्री पारसमल जी संचेती की धर्मसहायिका श्रीमती बक्सू बाई संचेती का आज मंगलवार प्रात: आकस्मिक निधन हो जाने पर संचेती परिवार द्वारा नेत्र दान कराया गया। श्रीमती बक्सू बाई का कुछ महीनों की अस्वस्थता के पश्चात आज प्रात: ज़िला अस्पताल में निधन हो गया था। जीवित रहते उन्होंने एक बार नेत्रदान की प्रबल इच्छा जताई थी।दो अंध आँखों को नई रोशनी मिले,इस नेक उद्देश्य से जैन श्री



संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा उनकी नेत्रदान की भावना की याद दिलाये जाने और प्रेरणा दिये जाने पर संचेती परिवार ने अपनी स्वीकृति दे दी। इसके बाद ज़िला अस्पताल की ओर से नेत्र सहायक अधिकारी अनिल वैध,अशोक कश्यप और फागुराम मंडावी की टीम ने अविलंब आकर नेत्र दान की प्रक्रिया को पूर्ण कराया।नेत्रदान की प्रक्रिया को पूर्ण करने आये डाक्टरों ने बताया कि नेत्रदान की प्रक्रिया जल्दी संपन्न हो जाती है।

छुरिया पुलिस की एक और सफलता

# अतंर्राज्यीय डीजल तस्कर गिरोह का फर्दाफाश

**राजनादगांव।** मामले का विवरण इस प्रकार है कि जिला राजनांदगांव में पशु तस्करी, अवैध शराब तस्करी व अन्य अपराधिक गतिविधियों पर रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक मीना के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में छुरिया पुलिस द्वारा लगातार अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पूर्व की भांति दिनांक 30.05.2022 को थाना छुरिया पुलिस रात्रि पेट्रोलिंग/गस्त में रवाना हुई थी। दौरान पेट्रालिंग के चिचोला की ओर से आती हुई वाहन पीकप क्रमांक रू॥ 35 च 3382 जिसका डाला प्लास्टिक से ढका हुआ था उक्त वाहन को पुलिस टीम द्वारा रोककर चेक करने पर वाहन के डाला के अंदर 01 सफेद रंग के केन में 1000 लीटर, 03 नग ड्रम में 600 लीटर, 02 नग जरिकेन में 100 लीटर कुल 17000 लीटर डीजल कीमती 1,63,200 रू0 का रखे मिला। वाहन चालक विरेन्द्र मंडावी पिता सुकलाल मंडावी उम्र 40 साल, परिचालक नितेश साहू पिता मंगल चंद उम्र 40 साल दोनों निवासी कड़ीकसा थाना चिचगढ जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) को उक्त



डीजल को ले जाने के संबंध में वैद्य कागजात प्रस्तुत करने हेतु बोला गया परंतु उनके पास किसी प्रकार का कागजात नहीं होना लिखित में दिये तथा उक्त डीजल कहां से मिला पुछने पर पाटेकोहरा बेरियर के सामने अतीक अहमद उर्फ जुम्मन भाई के ढाबा में आने जाने वाले ट्रकों से डीजल निकालकर रखता है जिसे हम दोनों बेचने का काम करते है बताने पर तत्काल अतीक अहमद उर्फ जुम्मन भाई को मौके पर जाकर जप्तशुदा डीजल के संबध में रशीद बिल पेश करने कहा गया जो कोई रशीद बिल नहीं होना लिखित में दिया कि उक्त जप्तशुदा डीजल को चोरी का होने का पुख्ता संदेह होने पर थाना प्रभारी सी.आर. चन्द्रा को अवगत कराया गया जिनके आदेशानुसार मौके पर आरोपीगणों को धारा 41(1+4) जा.फौ./379 भादवि में आज दिनांक 31.05.2023 को विधिवत् गिरफ्तार कर सुचना उनके परिजनों को दिया गया।

बदलता दंतेवाड़ा:- नई तस्वीर

# बटेर पालन से बेहतर बनी जिंदगी

## ग्राम मासोड़ी की महिलाओं को हो रहा है बटेर पालन से फायदा

**दंतेवाड़ा ।** पशुपालन संबंधित आजीविका मूलक गतिविधियों एवं व्यवसायों में गाय, बकरी, सुकर पालन, कुक्कुट एवं बतख पालन सदैव ही लाभ देने वाले व्यवसायों के रूप में अग्रणी रहें हैं। बदलते दौर में अब बटेर पालन भी एक स्वरोजगार के विकल्प के रूप में उभर रहा है। इस कड़ी में जिले में बटेर पालन को बढ़ावा देने में कृषि विज्ञान केन्द्र दंतेवाड़ा की अहम भूमिका अदा कर रहा है, इसके चलते स्थानीय स्व सहायता समूह की महिलाएं भी बटेर पालन करके अपने लिए रोजगार के विकल्प के रूप में इस व्यवसाय को अपना रही हैं। ब्लॉक दंतेवाड़ा अंतर्गत ग्राम मासोड़ी निवासी महिला उत्थान समूह की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती मौर्य और सदस्य महिलाएं भी पिछले 4 महीनों से बटेर पालन व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं। इस क्रम में श्रीमती मौर्य बताती है कि बटेर पालन मुर्गी पालन से मिलता जुलता व्यवसाय है, वहीं इसके पालन से खर्च कम और



मुनाफा ज्यादा है। शुरुआत में कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम से बटेर पालन ट्रेनिंग प्राप्त करने के बाद समूह की महिलाओं को कृषि विज्ञान केन्द्र की ओर से बटेर के 100 चूजे दिए गए।

और 1, 2 माह के अंदर ही चूजों के वजन में वृद्धि और विकसित होने के साथ वे बिक्री की स्थिति में आ जाते हैं। वर्तमान बाजार मूल्य के मुताबिक एक नग बटेर की कीमत 80 रुपए है तथा इसकी जोड़ी 180 रुपए प्रति नग में उपलब्ध की जा रही है। उन्होंने आगे बताया कि अब बटेर खरीदने के लिए लोग दंतेवाड़ा, फरसपाल, गीदम तथा आलनार से भी आते है, अभी उनके शेड में 20 बटेर शेष बचे हैं। उनका कहना था कि बटेर पालन का व्यवसाय कम स्थान, कम समय व कम लागत से शुरू किया जा सकता है। यही कारण है कि उनके समूह को इस व्यवसाय से जुड़ने में थोड़ा ही समय हुआ है और इस अल्प समय में ही इस व्यवसाय के प्रति किसानों व उपभोक्ता दोनों का अच्छा उत्साह वर्धक प्रतिसाद मिल रहा है।

*इस प्रकार अभी तक स्व सहायता समूह के द्वारा 5 हजार रुपए तक की बटेर की विक्रय हो चुकी है, साथ ही बटेर के लिए दाना वगैरह भी केवीके के माध्यम से मिल जाता है और बटेर के अंडे को समूह की महिलाएं वापस कृषि विज्ञान केंद्र में पहुंचा देती है जहां उन्हें फिर से चूजा दिया जाता है। स्नातक शिक्षित श्रीमती मौर्य ने यह भी बताया कि वे पहले से ही वे कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर कार्य कर रही है।*



एक नजर

# अज्ञात वाहन की मारी ठोकर से बाईक चालक की हुई



**फरसगांव ।** नेशनल हाइवे 30 बहिगांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को ठोकर मारने के बाद कुचलते हुए फरार हो गया, इस दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई । मिली जानकारी अनुसार ग्राम कंवल मंडावी उम्र 25 वर्ष निवासी मससुकोकोडा शादी घर से अपने घर जा रहा था, जिसे नेशनल हाइवे 30 बहिगाव के पास एक अज्ञात वाहन ने ठोकर मारते हुए कुचलते हुए मौके से फरार हो गया । केशकाल थाना पुलिस ने सूचना तत्काल घटना पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए चिरघर भिजवाया गया , केशकाल पुलिस द्वारा मृतक के शव का पोस्टमार्टम बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया , केशकाल पुलिस द्वारा थाने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की खोजबीन कर रहे हैं ।

# मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा अभियान

**जगदलपुर ।** कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले को मोतियाबिंद मुक्त जिला बनाने हेतु मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। इसके लिए जिले में सघन सर्वे अभियान मई माह से प्रारंभ किया गया, सर्वेक्षण में चिन्हांकित मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन डिमरापाल स्थित मेडिकल अस्पताल में प्रारंभ कर दिया गया है। मोतियाबिंद सर्वे के दौरान चिन्हांकित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन किये जा रहे हैं। ऑपरेशन उपरांत चिकित्सकों के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा रही है। सघन सर्वे अभियान अंतर्गत सभी आयु वर्ग के लोगों का नि:शुल्क स्क्रीनिंग, जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

# प्रथम राष्ट्रीय फुटबॉल एट सेमिनार एवं ट्रेनिंग कैंप 2023 का आयोजन सम्पन्न

## देश के 14 राज्यों से 22 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**राजनांदगाव ।** भारतीय फुटबॉल एट महासंघ (रि) के तत्वधान में छत्तीसगढ़ फुटबॉल एट एसोसिएशन द्वारा प्रथम राष्ट्रीय फुटबॉल एट सेमिनार एवं ट्रेनिंग कैंप 2023 का आयोजन दिनांक - 02 से 04 जून 2023 तक स्थान - अज़ीज़ पब्लिक स्कूल , राजनांदगाव में किया गया । इस सेमिनार एवं ट्रेनिंग कैंप में देश के 14 राज्यों से 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । भारतीय फुटबॉल एट महासंघ (रि) द्वारा सेमिनार एवं ट्रेनिंग कैंप देने श्री आशीष रमेश (राष्ट्रीय रेफ़री/प्रशिक्षक) दिल्ली से आये । यह सेमिनार एवं ट्रेनिंग कैंप 3 दिन चला जिसमे थ्योरी सेशन द्वारा फूटबाल एट खेल के बारे बताया गया एवं सभी नियमो की जानकारी दी गयी और प्रैक्टिकल सेशन द्वारा मैदान में सभी प्रतिभागियों को फूटबाल एट खेल की रेफ़र्शिप और स्कोरिंग करना सिखाया गया । सेमिनार एवं ट्रेनिंग कैंप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पहले रेफ़री क्लिनिक लगाया जायेगा उसमे उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागियों को भविष्य में होने वाली नेशनल , जोनल और फेडरेशन कप में रेफरशिप करने का अवसर मिलेगा । सेमिनार एवं ट्रेनिंग कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय श्री नितिन पोते जी (सदस्य - छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग) उपस्थित हुए एवं उनके द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और ऑफिसियल जर्सी वितरण किया गया 7 भारतीय फुटबॉल एट महासंघ (रि) के - अध्यक्ष के. कुमार जी , महासचिव कुमारी एस. के. सोनी जी , कोषाध्यक्ष सं दीप सिंह जी , राष्ट्रीय कार्यकारी बोर्ड सदस्य - कुमारी के. सिमरन जी , श्री जतिन कुमार जी , श्री भूपेश यदु जी , आयोजन सचिव - श्री एस. जी. सिंह जी ने प्रथम राष्ट्रीय फुटबॉल एट सेमिनार एवं ट्रेनिंग कैंप के सफलतापूर्वक आयोजन की सभी को बधाई दी एवं सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी।

# बालको ने विश्व पर्यावरण दिवस पर चलाया पर्यावरण संरक्षण अभियान

**कोरबा ।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड बालको ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिम्मेदार कॉर्पोरेट संस्थान के रूप में बालको पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व को ध्यान में रखकर आसपास के क्षेत्र में अपने प्रयासों से सार्थक बदलाव लाया है। कंपनी का वृक्षारोपण अभियान हरित भविष्य को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। 100 पौधे लगाये गए तथा साल भर में एक लाख से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है।

# उद्यग मंत्री ने निर्माणाधीन इथेनॉल प्लांट का किया निरीक्षण

## ग्रामीणों से बात कर कहा कि प्लांट खुलने पर हर किसी को मिलेगा रोजगार

**कोण्डागांव।** उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने बुधवार को निर्माणाधीन इथेनॉल प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर श्री दीपक सोनी के साथ प्लांट का भ्रमण करते हुए प्लांट निर्माण से जुड़े अधिकारियों से चर्चा कर प्रगति के संबंध में जानकारी ली। जिसमें अधिकारियों ने बताया कि प्लांट का कार्य निर्माण का कार्य द्रुत गति से संचालित किया जा रहा है। साइलो हेतु आवश्यक उपकरणों को मंगाया गया है साथ ही फर्मेंटेशन टैंक, स्टोरेज टैंक, एमसीसी रुम, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पावर प्लांट का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। सभी आवश्यक उपकरण मंगा लिए गए हैं जिनकी स्थापना जल्द से



जल्द कर ली जाएगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि इस प्लांट के खुल जाने से गांव के हर व्यक्ति को रोजगार प्राप्त होगा। कुछ लोगों को प्रत्यक्ष तथा कुछ लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से भी रोजगार मिलेगा। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि प्लांट निर्माण के पूर्व यहां ज्यादा ऑटो चालकों का आना जाना नहीं हुआ करता था परंतु प्लांट बनने के साथ क्षेत्र के लोगों ने भी ऑटो खरीद ली है



और उन्हें लाभ हो रहा है। जिस पर उद्योग मंत्री ने कहा कि इसी प्रकार प्लांट बनने के साथ अप्रत्यक्ष रोजगार जैसे गाड़ियों का सर्विस सेंटर, भोजन नाश्ता की दुकानों, किराना दुकानों आदि का व्यवसाय भी खुलेगा। हर व्यक्ति को प्लांट खुलने का लाभ प्राप्त होगा। इससे ना सिर्फ कोकोडी अपितु आस पास के 10 ग्रामों के युवाओं को लाभ होगा।

उद्योग मंत्री द्वारा प्लांट में कार्यरत मजदूरों से चर्चा करते हुए उनसे नियमित भुगतान एवं कार्य की परिस्थितियों के संबंध में पूछने पर मजदूरों ने बताया कि प्लांट में नियमित रूप से भुगतान हो रहा है साथ ही अधिकारियों द्वारा कार्य में पूर्ण सहयोग दिया जाता है। जिस पर मंत्री द्वारा हर्ष जताते हुए सभी को मेहनत से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर आसपास के ग्रामों के ग्रामीण भी उद्योग मंत्री से मिलने पहुंचे। जहां मंत्री द्वारा सभी से प्लांट के संबंध में चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वे सभी प्लांट के निर्माण के प्रति बहुत उत्साहित हैं प्लांट निर्माण गति को देखते हुए सभी आश्वश्त है कि अब हैं ।

# आईटीबीपी छुरिया में एक दिवसीय कैरियर कॉउंसलिंग कक्षा का आयोजन संपन्न

**छुरिया।** दिनांक 07.06.2023 को टैंक हैडक्वाटर, 38वी वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस छुरिया में एक दिवसीय कैरियर कॉउंसलिंग कक्षा का आयोजन किया गया जिसमें वाहिनी के अधिकार क्षेत्र में रहने वाले 23 ग्रामीण छात्र-छात्राओं (16 लड़के एवं 07 लड़कियाँ) जो कि वर्ष 2023 के दौरान आयोजित एस0एस0सी0/ जी0डी0 लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं तथा जिनका चिकित्सा जाँच होना बाकी है, इन युवाओं ने भाग लिया। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को टैंक हैडक्वाटर, 38वी वाहिनी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस छुरिया के कमान अधिकारी श्री अशोक कुमार, डॉ0-अंकित घोष, एम0ओ0 द्वारा चिकित्सा जाँच के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।



इस दौरान इन सभी युवाओं के मन में चिकित्सा जाँच से सम्बन्धित जो आशंका थी, बारी-बारी से कई सवाल पूछे गये।

कमान अधिकारी श्री अशोक कुमार, डॉ0-अंकित घोष, एम0ओ0 द्वारा इन छात्र-छात्रओं द्वारा पूछे गये सभी सवालों का निराकरण करते हुए उनका उचित मार्ग दर्शन किया गया तथा चिकित्सा जाँच के बारे में शत-प्रतिशत जानकारी दी गई। जिससे निश्चित ही इन छात्र-छात्रओं के मन में चिकित्सा जाँच से सम्बन्धित उत्पन्न विभिन्न प्रकार के डर का निराकरण हुआ है। अंत में कमान अधिकारी श्री अशोक कुमार, द्वारा कक्षा में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकानाए दी गई इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी श्री आशीष कुमार पाण्डेय, उप सेनानी, श्री ज्ञान चन्द, उप सेनानी डॉ0 - मनीष तिवारी, एस0एम0ओ0 व अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहें।

**तमनार के एनआरसी केंद्र में कुपोषित बच्चों को मिलेगा नया जीवन**

# विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार ने किया तमनार में एनआरसी केन्द्र का उद्घाटन







## स्वास्थ्य सुविधाओं की दृष्टिकोण से कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर तैयार हुआ एनआरसी केन्द्र

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमनार में विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार के मुख्य आतिथ्य में पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी)का उद्घाटन हुआ। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा कुपोषित बच्चों में कुपोषण की रोकथाम एवं उपचार के लिए पोषण पुनर्वास केन्द्र चलाया जा रहा है। इस दिशा में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर डीएमएफ मद से सीएचसी तमनार में पोषण पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की गयी है। जहां तमनार एवं घरघोड़ा विकासखण्ड के कुपोषित बच्चों को नया जीवन मिलेगा। वर्तमान में यहां 10 बेड की सुविधाएं उपलब्ध है। साथ ही सुपोषित आहार की उत्तम व्यवस्था है और इसी के साथ रसोई एवं शौचालय की सुविधा भी मौजूद है। यहां बच्चों के मनोरंजन एवं खेलकूद की समुचित व्यवस्था की गई है। इस केंद्र में कुपोषित बच्चों को उनके माताओं सहित समस्त सुविधा प्रदान की जाएगी। कलेक्टर सिन्हा द्वारा कुपोषण मुक्त जिला बनाने के उद्देश्य से पोषण पुनर्वास केन्द्रों की स्थापना ब्लॉक स्तर पर की जा रही है। जहां चिन्हित गंभीर कुपोषित बच्चों को एक निश्चित दिन तक रखकर विशेष निगरानी में उन्हें पोषण आहार उपलब्ध कराया जाता है। सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में कुपोषण मुक्ति की दिशा में सतत् प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि सीएचसी तमनार के एनआरसी केन्द्र में तमनार एवं घरघोड़ा सहित दूरस्थ इलाकों से आने वाले कुपोषित बच्चों को भर्ती कर उनका चिकित्सा अधिकारियों के देखरेख में इलाज किया जा रहा है। यहां गंभीर कुपोषित बच्चों को 6 माह से 5 साल तक प्राथमिक रूप से 15 दिन तक भर्ती कराकर उन्हें पोषण युक्त आहार देकर डॉक्टरों की टीम की देखरेख में उनका इलाज किया जाएगा। अति गंभीर कुपोषित होने पर बच्चों को 21 दिन तक भी रखा जाता है। इस

**तमनार एवं घरघोड़ा विकासखण्ड के कुपोषित बच्चों को मिलेगा लाभ**

**एनआरसी में 10 बेड की सुविधा, मनोरंजन हेतु खेलकूद की समुचित व्यवस्था**

दौरान भर्ती किये जाने वाले बच्चों को 15 दिन तक एनआरसी में रखकर उनका इलाज व स्पेशल डाइट चार्ट तैयार किया जाएगा। जिसमें सही मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, वसा, विटामिन, खनिज तत्व युक्त भोजन आहार विशेषज्ञ द्वारा तैयार किया जाता है। साथ ही यहां उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ भी प्रदान किया जाएगा। प्रतिदिन बच्चों का वजन कर उसी के हिसाब से उनको भोजन एवं दवाइयां दी जाएगी।

एनआरसी से बच्चे की छुट्टी होने के बाद बच्चे का प्रत्येक 15 दिन में कुल 4 बार फॉलोअप भी किया जाएगा। बच्चे के साथ एनआरसी आने वाली उनकी माता या उनके साथ आने वाले परिजनों को भी दिन में 2 समय भोजन और प्रतिदिन 150 रुपया के हिसाब से 2250 रुपये क्षतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाता है। साथ ही यहां प्रतिदिन स्टॉफ नर्स के द्वारा माताओं का काउंसलिंग किया जाएगा। जिसमें उन्हें बच्चों के देखरेख, टीकाकरण, पोषण और स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी जाएगी। इस दौरान सरपंच सुश्री गुलापी सिदार, बीडीसी ममता साव, बिहारी लाल पटेल,मानिकचंद पटनायक, कैलाश गुप्ता, बबलू साहू, धर्नुजय भगत, देवेन्द्र शर्मा, द्वारिका ठाकुर, राजेन्द्र शर्मा, चतुरलाल देवांगन, स्वास्थ्य विभाग से डीपीओ अतुल दांडेकर, बीएमओ डॉ.डी.एस.पैंकरा, डीपीएम सुश्री रंजना पैंकरा, मरकाम, धनश्याम प्रधान, शशिभूषण सिंह एवं जिंदल पावर लिमिटेड से ऋषिकेश शर्मा, राजेश रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्लम स्वास्थ्य योजना ग़रीबों के लिए बनी वरदान।

**मनेंद्रगढ़ ।** एमसीबी जिले में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा शहर के गली-मोहल्लों में शिविर लगाया जा रहा है जिससे ग़रीब और ज़रूरतमन्द लोगों को छोटी-छोटी बीमारी के ईलाज के लिए अस्पताल नहीं जाना पड़ता। इससे लोगों के समय और पैसे की बचत हो रही है। नगर निगम चिरमिरी में 2 एवं नगर पंचायत मनेंद्रगढ़, खोंगापानी, झगराखंड व लेदरी में एक मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन किया जा रहा है।मंगलवार को नगर पंचायत खोंगापानी में सीआरओ कैंप स्कूल के पास लगाए गए। स्वास्थ्य शिविर में कोल दफ़ाई निवासी 35 वर्षीय शक़ीला बानो स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचीं,उन्होंने बताया कि मैं अपने बच्चे के साथ स्वास्थ्य जाँच के लिये बस में आई थी।मेरे हाथ-पैर में दर्द और कमजोरी की शिकायत थी। डॉक्टर के द्वारा चेकअप करने के बाद लैब टेस्ट किया गया। डॉक्टर ने मुझे सिरप और टेबलेट प्रदान किया।

## दुर्गावाहिनी की बेटियों ने किया नगर में पथ संचलन भव्य स्वागत

**दल्ली राजहरा।** विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला मातृ शक्ति संगठन के द्वारा तीन दिवसीय बालिका आत्मरक्षा शिविर का आज नगर में पथ संचलन हुआ एवं 5 जून से प्रारंभ यह शिविर का आज समापन हुआ दल्ली राजहरा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में विहिप के मातृशक्ति संगठन के द्वारा यह आयोजन बालोद जिले का पहला आयोजन है जिसकी



शुरुआत मातृ शक्ति संगठन ने दल्ली राजहरा नगर से किया है इस प्रशिक्षण में दल्ली राजहरा नगर के अनेक स्कूलों के लगभग 100 छात्राओं ने तीन दिवस तक शिविर में भाग लेकर अनेक प्रकार की आत्म रक्षार्थ गतिविधियां सीखी एवं वर्तमान परिवेश में बदले माहौल व हिंदू धर्म समाज की लड़कियों के ऊपर हो रहे अत्याचार धर्मांतरण लव जिहाद जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शिविर में भाग लेने वाली छात्राओं को बचने वह सावधान रहने को कहा गया इस शिविर में अनेक बुद्धिजीवियों के द्वारा व मातृशक्ति के द्वारा बालिकाओं को मार्गदर्शन दिया गया व समाज हित में धर्म हित में सेवा सुरक्षा संस्कार के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ने को कहा गया।

# विधानसभा क्षेत्र जैजैपुर में संयुक्त मोर्चा प्रकोष्ठ के सम्मेलन में शामिल हुए छत्तीसगढ़ सह प्रभारी नितिन नवीन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के विधानसभा क्षेत्र जैजेपुर में संयुक्त मोर्चा प्रकोष्ठ के सम्मेलन में शामिल हुए छत्तीसगढ़ सह प्रभारी नितिन नवीन ने सर्वप्रथम वहां विधानसभा स्तरीय कोर ग्रुप की बैठक में हिस्सा लिया उसके पश्चात उन्होंने मोर्चा प्रकोष्ठ के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी मैं नरेंद्र मोदी के सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियों को बताया और कहा कि नरेंद्र मोदी ने यहां देश के उन गरीब परिवारों को आवास देने का काम किया है साथ ही हमारी माता बहनों की समस्या को देखते हुए 9,6 करोड़ परिवार को उज्जवला योजना से गैस दिया गया उसी प्रकार केंद्र सरकार ने 5 लाख तक के इलाज को नि:शुल्क किया आयुष्मान भारत योजना के 1,7 करोड़ लाभार्थी है उससे पूर्व मोदी ने माता बहनों के लिए शौचालय योजना भी दिया है साथ ही घर घर पानी पहुंचाने का काम कर रहे है किसान सम्मान निधि के रूप में नरेंद्र मोदी किसानों के लिए 6000 की किसान सहायता राशि प्रतिवर्ष दे रहे हैं। साथ ही उनके द्वारा कोरोना काल में मुफ्त वैक्सीन दिया 5 किलो मुफ्त अनाज लगातार कोरोना काल से दिया जा रहा हैं नरेंद्र मोदी जी ने देश में सभी लोगो के हित के लिए कार्य किया है ऐसे हमारे नरेंद्र मोदी जो अपने देश के लिए घंटों काम करते हैं उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह भी पार्टी के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दें साथ ही कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की सरकार है लेकिन यह छत्तीसगढ़ मे ऐसा मुख्यमंत्री बैठा है जिसने गरीबों का आशियाना छीन लिया यहां छत्तीसगढ़ में हर जगह घोटाला ही घोटाला है इस प्रदेश की सरकार ने गरीबों का खून चूसने का कार्य किया है धान पर किसान भाइयों को 52000 करोड़ केंद्र सरकार ने दिया एवं मात्र 11000 करोड राज्य सरकार ने दिया है और राज्य की सरकार वाहवाही लूट रही है छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार भ्रष्टाचार की सरकार है ऐसे सरकार को सत्ता से उतारकर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाकर छत्तीसगढ़ महतारी का कर्ज उतारना है संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल जांजगीर लोकसभा सांसद गुहाराम अजगले ने भी संबोधित किया इस सम्मेलन में शक्ति जिला प्रभारी गुरुपाल सिंह भल्ला, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सांसद गुहाराम अजगले, प्रीतम सिंह गबेल, पूर्व सांसद कमला पाटले, विधायक सौरभ सिह, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े,गिरधर गुप्ता गुरपालसिंह भल्ला, विघा सिदार, मोहन कुमारी साहू, पूर्व विधायक खिलावन साहू,विधानसभा प्रभारी विकास केडिया, विवेक रंजन सिंहा,गोपी सिंह ठाकुर, जिले के उपाध्यक्ष गण जिला के महामंत्री मिडिया प्रभारी,सहप्रभारिगण,आई टी सेल,सोशल मीडिया सहित सभी 7 मोर्चा के अध्यक्ष पदाधिकारी मंडलों के अध्यक्ष ऑन भारतीय जनता पार्टी के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।




## एक नजर

### स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की मेरिट सूची जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि अंतर्गत विकासखण्ड धरमजयगढ़/तमनार में स्वीकृत पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी)में चिकित्सा विशेषज्ञ/ चिकित्सा अधिकारी/फीडिंग डिमांस्ट्रेटर/स्टॉफ नर्स के पद पर भर्ती किए जाने हेतु आवेदन मंगाए गए थे। जिनका साक्षात्कार उपरांत अंतिम मेरिट सूची एवं चयन सूची मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, रायगढ़ के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है एवं जिले के वेबसाईट www.raigarh.gov.in में अपलोड किया गया है।

### पाटन दुर्ग मार्ग पर बाइक सवार दुर्घटना का शिकार, एक गंभीर घायल, दूसरा खेत में जा गिरा

**पाटन।** दुर्ग पाटन मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना का दौर दुर्घटना का दौर नही थम रहा है। आज फुंडा में सरदार पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है की एक युवक काफी गंभीर घायल है। वही दूसरा युवक गाड़ी से गिरकर दूर खेत में गिर गया।



### कांग्रेस नेता की सड़क हादसे में मौत, अज्ञात वाहन चालक ने पीछे से मारी ठोकर और हो गया फरार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के महासमुंद में जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि सुरेश द्विवेदी का सड़क हादसे में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 11 बजे कचहरी चौक से जाने वाले स्वाध्याय केंद्र के पीछे लिंक रोड के पास अज्ञात स्कॉर्पियो ने सुरेश द्विवेदी को पीछे से टक्कर मारी. घटना के बाद अज्ञात चालक स्कार्पियो लेकर मौके पर से फरार हो गया. घटना की सूचना मिलने पर तत्काल कोतवाली पुलिस घटना स्थल पहुंची और कांग्रेस नेता सुरेश द्विवेदी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

एजुकेशन वर्ल्ड ऑटोनॉमस कॉलेज रैंकिंग

### छत्तीसगढ़ के 6 कॉलेज टॉप 100 में, दुर्ग का साइंस कॉलेज टॉप टेन में शामिल

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के लिए बेहतर माहौल का असर नजर आने लगा है. एजुकेशन वर्ल्ड ऑटोनॉमस कॉलेज रैंकिंग 2023-24 में छत्तीसगढ़ के 6 कॉलेजों ने टॉप 100 में जगह बनाने में कामयाबी पाई है। एजुकेशन वर्ल्ड ऑटोनॉमस कॉलेज रैंकिंग 2023-24 के टॉप 100 में जगह बनाने वाले प्रदेश के कॉलेजों में दुर्ग स्थित शासकीय वीवायटी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज) टॉप 10 में जगह बनाने में कामयाब रहा है, इस कॉलेज को 9वीं रैंक मिली है. बिलासपुर के शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय को 14वीं रैंक, ई. राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय को 19वीं रैंक, राजनांदगांव स्थित शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय को 34वीं रैंक, अंबिकापुर स्थित राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय को 42वीं रैंक और रायपुर स्थित शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय (साइंस कॉलेज) को 54वीं रैंक प्राप्त हुई है।

अभी हाल ही में उच्च शिक्षा विभाग को छत्तीसगढ़ के 'प्रोजेक्ट असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन' को देश के प्रतिष्ठित स्कॉच अवार्ड से नवाजा गया है. विभाग को यह अवार्ड देश के कई बड़े एवं महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के साथ प्रतियोगिता करते हुए कई चरणों की प्रस्तुतिकरण, वोटिंग एवं उपलब्धियों के कारण प्रदान किया गया है।

पहले जिन क्षेत्रों में उच्च शिक्षा पाने के लिए विद्यार्थियों को मीलों चलना पड़ता था. आज वहां नवीन महाविद्यालय के बन जाने से उच्च शिक्षा की राह बेहद आसान हो गई है, अब उन्हें कई किलोमीटर का सफर तय नहीं करना पड़ता, क्योकि आवापल्ली, कुआकोण्डा, तोंगपाल जैसे दुर्गम क्षेत्रों में अब महाविद्यालय खुल चुके हैं. कुआकोण्डा का उदाहरण लें, दंतेवाड़ा जिले के इस ब्लॉक के अंदरुनी गांवों के छात्रों को जिला मुख्यालय तक कॉलेज पहुंचने के लिए 80 किलोमीटर तक की दूरी भी तय करनी पड़ती थी. इसके कारण से हायर सेकेण्डरी के बाद काफी लोग पढ़ाई छोड़ देते थे, लेकिन अब कॉलेज प्रारंभ होने के बाद उच्च शिक्षा सहज उपलब्ध हो गई है। राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की आयु सीमा समाप्त कर दी है, इससे किसी कारणवश पढ़ाई बीच में ही छूट चुके लोगों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए एक अच्छा अवसर मिला है. महाविद्यालयों में अधोसंरचना का विकास और अध्ययन-अध्यापन के लिए संसाधनों में बढ़ोतरी हो रही है, इससे प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में भी वृद्धि हो रही है. 2018-19 में करीब 2 लाख 26 हजार 373 छात्रों ने कॉलेज में प्रवेश लिया, वहीं यह संख्या वर्ष 2022-23 में 48 प्रतिशत बढ़कर 3 लाख 35 हजार 139 हो गई है, जो कि 2018-19 की तुलना में एक लाख 8 हजार 766 अधिक है।

## भुवनेश्वर में आयोजित जनजातीय खेल प्रतियोगिता में शामिल होने जिले के खिलाड़ी हुए रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भारत सरकार, संस्कृति मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साईंस भुवनेश्वर के सहयोग से 9 से 12 जून 2023 तक भुवनेश्वर में आयोजित खेलो इंडिया रूरल एण्ड इण्डीजेनियस नेशनल गेम्स 2023 में शामिल होने रायगढ़ जिले के खिलाड़ी रवाना हुए है।






जिसमें हॉकी में 5, योगासन में 2, कबड्डी में 2 एवं रग्बी में 2 बालक/बालिका खिलाड़ी भाग लेंगे। उक्त खेलों का राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 25 मई 2023 को स्व.बी.आर.यादव बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में आयोजन किया गया था। उपरोक्त खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु खिलाड़ियों को कलेक्टर रायगढ़ एवं सहायक संचालक खेल विभाग रायगढ़ द्वारा अग्रिम शुभकामनाएं दी गई है।

## डॉ.संजय कुमार अलंग बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में 10 जून को देंगे व्याख्यान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

संभागायुक्त डॉ.संजय कुमार अलंग छत्तीसगढ़ के इतिहास और संस्कृति के विषय विशेषज्ञ के रूप में 10 जून को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश हिन्दी, संस्थान एवं भारतीय दर्शन परिषद के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में डॉ.संजय कुमार अलंग का व्याख्यान छत्तीसगढ़ से संबंधित विषय पर है। डॉ.अलंग छत्तीसगढ़ पर गहन शोध परक कार्य और पुस्तकों के लिए स्थापित व प्रसिद्ध लेखक और विद्वान हैं। उनको छत्तीसगढ़ पर शोध के लिए केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय का सर्वश्रेष्ठ शोध लेखन का सर्वोच्च सम्मान मिल चुका है। छत्तीसगढ़: इतिहास और संस्कृति पुस्तक को एक लाख रुपये का सर्वश्रेष्ठ शोध लेखन का सर्वोच्च सम्मान मिला था।




**छत्तीसगढ़ पर संजय अलंग की दस से अधिक पुस्तकें हैं प्रकाशित**

इन पुस्तकों में छत्तीसगढ़: इतिहास और संस्कृति के अलावा छत्तीसगढ़ की रियासतें और जिम्मेदारीयां, छत्तीसगढ़ की जनजातियां और जातियां आदि जैसी कई सुविख्यात पुस्तकें सम्मिलित हैं। संजय अलंग के तीन कविता संग्रह भी प्रकाशित हैं और उन्हें भी सम्मानित किया गया है। बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ पर शोध की प्रस्तुति अन्तर्राष्ट्रीय शोध प्रस्तुति से छत्तीसगढ़ पर शोध की ओर न सिर्फ ध्यान आकर्षित होगा अपितु अब तक किए गए शोध को बड़े फलक पर मान्यता मिलेगी। वे वर्तमान में बिलासपुर और सरगुजा संभाग के कमिश्नर हैं और अभी उनका स्थानांतरण संभागीय आयुक्त रायपुर के पद पर हुआ है।

## विक्की कौशल की चीयरलीडर बनीं कैटरीना कैफ



बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ पति विक्की कौशल की चीयरलीडर बन गईं हैं। कैटरीना ने कौशल की हालिया रिलीज फिल्म जरा हटके जरा बचके की तारीफ की। कैटरीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का एक पोस्टर साझा किया है, इसमें वह और सारा अली खान नजर आ रही हैं। कैटरीना ने कैप्शन में लिखा, अब सिनेमाघरों में। पूरी टीम को दिल से बधाई। इसके बाद कैटरीना के पति विक्की ने अपने इंस्टाग्राम पर पत्नी के मैसेज को फिर से पोस्ट किया। उन्होंने अपनी फिल्म का गाना फिर और क्या चाहिए भी अपनी पत्नी कैटरीना को डेडिकेट किया। उन्होंने गाने की एक लाइन लिखी,तू है तो मुझे फिर और क्या चाहिए।



## अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए 'मिजार्पुर 3' में आ रही ईशा तलवार

एक्ट्रेस ईशा तलवार फिलहाल 'मिजार्पुर 3' का इंतजार कर रही हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब कोई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो दिलचस्प ड्रामे के अलावा किसी और चीज की उम्मीद न करें। एक्ट्रेस माधुरी यादव की भूमिका में हैं। सीजन 3 में वह मुन्ना भैया की पत्नी के रूप में नजर आएंगी और अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए गुड्डू पंडित (अली फजल) और गोलू गुप्ता (श्वेता त्रिपाठी शर्मा) से मुकाबला करेंगी।

ईशा ने कहा- माधुरी यादव, जैसा कि हमने पहले ही मिजार्पुर सीजन 2 में देखा था, कालीन भैया से सत्ता लगभग छीन ली थी, जिसका किरदार पंकज त्रिपाठी ने निभाया था।

जब आप शो में इस तरह के एक महत्वपूर्ण किरदार को देखते हैं, तो ड्रामा के अलावा कुछ भी उम्मीद न करें। यह अगला भाग शो के करीब एक और कहानी के लिए छोड़ा जा सकता है क्योंकि मुन्ना की मौत के बारे में दर्शक अभी भी भ्रमित हैं, मैं इसे व्यक्तिगत अनुभव से जानती हूं।

वह हाल ही में होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित 'सास बहू और फ्लेमिंगो' में नजर आई थीं।

'सास बहू और फ्लेमिंगो' में सावित्री के किरदार में डिंपल कपाड़िया भी हैं, जो एक ड्रग कार्टेल चलाती हैं, और उनकी बहु अंगिरा धर और ईशा व बेटी राधिका मदान द्वारा समर्थित है। इस शो में नसीरुद्दीन शाह, आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल, मोनिका डोगरा और जिमित त्रिवेद भी हैं। यह वर्तमान में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग है।

## थमने का नाम नहीं ले रहा रकुल प्रीत सिंह का नयाअवतार

### समुंद्र किनारे Se&y लुक देख आहें भर रहें फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस हर वक्त अपने फैशन स्टेटमेंट से लोगों को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपना वेकेशन मालदीव में एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट अंदाज में फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुस प्रीत की बोल्डनेस देख कर लोगों की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों मालदीव में अपनी छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने वेकेशन के दौरान अपनी बेहद ही सेक्सी बिकिनी फोटोज पोस्ट किए हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने रेड कलर की बिकिनी पहनी हुई है, जिसमें वो सुपरबोल्ड नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह अपनी इन फोटोज में परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट पोज दे रही हैं।ओपन हेयर और नो मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत अपनी इन तस्वीरों में किलर अंदाज में ग्लैमरस अंदाज से लोगों के दिलों पर खंजर चला रही हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस समुद्र के किनारे मस्ती करते हुए नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने पोस्ट के दौरान लगातार अपने फैंस से जुड़ी हुई हैं। हालांकि फैंस को भी उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस रकुल की इन तस्वीरों पर 4 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने लाइक कर दिया है।



## सलमान खान को अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार, करण जौहर और सूरज बड़जात्या संग चल रही बातचीत



सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में हैं तो हाल ही में उनका शाहरुख खान के साथ शूटिंग से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस सबके बीच प्रशंसक ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि सलमान आगे किन फिल्मों का हिस्सा बनने वाले हैं। कहा जा रहा है अभिनेता फिलहाल सही स्क्रिप्ट की तलाश में हैं और उनकी करण जौहर, साजिद नाडियाडवाला और सूरज बड़जात्या संग बातचीत भी चल रही है।

सलमान के करीबी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अभिनेता इन दिनों सूरज, करण और साजिद से जवाब मिलने का इंतजार कर रहे हैं। सूत्र के अनुसार, सलमान नो एंट्री 2 करने के इच्छुक हैं, लेकिन फिल्म से जुड़े कई मुद्दे हैं, जिन्हें सुलझाया जाना बाकी है और उन पर अब उनकी टीम काम कर रही है। सूत्र ने बताया कि अभिनेता 3 परियोजनाओं को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसकी उन्हें पटकथा सुननी है।

करण से एक्शन फिल्म को लेकर चल रही बात

सूत्र ने कहा, करण और विष्णु वर्धन भारतीय सेना की पृष्ठभूमि पर आधारित अपनी एक्शन फिल्म के लिए सलमान के साथ बातचीत कर रहे हैं। आईफा के लिए अबू धाबी जाने से एक दिन पहले भी सलमान के साथ उनकी मीटिंग हुई थी और अब दोबारा जून में मीटिंग होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, फिल्म के बारे में जानकर ही सलमान खुश है, लेकिन यह महीने के अंत तक पता चलेगा कि क्या वह यह फिल्म करेंगे या नहीं।

## तमन्ना भाटिया की जी करदा इस ओटीटी पर होगी रिलीज, सामने आई तारीख

एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की अपकमिंग कंटेम्परेरी रोमांस ड्रामा सीरीज जी करदा 15 जून से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है। जी करदा, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी, बचपन के सात दोस्तों की एक दिलचस्प कहानी है, जिन्होंने सोचा था कि जब वे 30 साल के होंगे, तब उनकी जिंदगी बेहद आसान और सपनों-सी सुंदर होगी। हालांकि, 30 साल के होने पर उन्हें एहसास होता है कि उनकी जिंदगी तो परेशानियों से भरी है। वे साथ रहते हैं, प्यार करते हैं, हंसते हैं, गलतियां करते हैं, उनका दिल टूटता है, और वे थोड़े बड़े हो जाते हैं, लेकिन इस सब के बीच उन्हें लगता है कि गहरी दोस्ती और गहरे नाते भी अधूरे होते हैं और जिंदगी अबूझ पहेली की तरह है। दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित जी करदा अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित है और हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह-लिखित है। आठ एपिसोडिक शो में आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, संवेदना सुवालका, सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर भी हैं।



## अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए 'मिजार्पुर 3' में आ रही ईशा तलवार



एक्ट्रेस ईशा तलवार फिलहाल 'मिजार्पुर 3' का इंतजार कर रही हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब कोई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो दिलचस्प ड्रामे के अलावा किसी और चीज की उम्मीद न करें। एक्ट्रेस माधुरी यादव की भूमिका में हैं। सीजन 3 में वह मुन्ना भैया की पत्नी के रूप में नजर आएंगी और अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए गुड्डू पंडित (अली फजल) और गोलू गुप्ता (श्वेता त्रिपाठी शर्मा) से मुकाबला करेंगी। ईशा ने कहा- माधुरी यादव, जैसा कि हमने पहले ही मिजार्पुर सीजन 2 में देखा था, कालीन भैया से सत्ता लगभग छीन ली थी, जिसका किरदार पंकज त्रिपाठी ने निभाया था।

जब आप शो में इस तरह के एक महत्वपूर्ण किरदार को देखते हैं, तो ड्रामा के अलावा कुछ भी उम्मीद न करें। यह अगला भाग शो के करीब एक और कहानी के लिए छोड़ा जा सकता है क्योंकि मुन्ना की मौत के बारे में दर्शक अभी भी भ्रमित हैं, मैं इसे व्यक्तिगत अनुभव से जानती हूं। वह हाल ही में होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित 'सास बहू और फ्लेमिंगो' में नजर आई थीं। 'सास बहू और फ्लेमिंगो' में सावित्री के किरदार में डिंपल कपाड़िया भी हैं, जो एक ड्रग कार्टेल चलाती हैं, और उनकी बहु अंगिरा धर और ईशा व बेटी राधिका मदान द्वारा समर्थित है।

इस शो में नसीरुद्दीन शाह, आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल, मोनिका डोगरा और जिमित त्रिवेद भी हैं।

# खेल

## WTC फाइनल के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया ने 327 रन बनाए

### ट्रेविस हेड ने 146 रन की पारी खेली, स्मिथ 95 पर नाबाद

**लंदन।** वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा है। द ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टंप्स तक तीन विकेट पर 327 रन बना डाले हैं। ट्रेविस हेड 146 और स्टीव स्मिथ 95 रन पर नाबाद हैं। दोनों चौथे विकेट के लिए 251 रन की पार्टनरशिप कर चुके हैं।




हेड करियर का 5वां शतक जमाया। वे WTC फाइनल में शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज बने। स्टीव स्मिथ 38वीं फिफ्टी बनाकर नाबाद हैं। दिन की शुरुआत में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया।

### अर्धशतक चूके वार्नर, ख्वाजा जीरो पर आउट

टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को शुरुआती झटके लगे। टीम ने 2 रन के स्कोर पर उस्माान ख्वाजा का विकेट गंवाया। यहां ख्वाजा जीरो पर आउट हुए। ख्वाजा के आउट होने के बाद डेविड वार्नर (43 रन) ने मार्नस लाबुशेन (26 रन) के साथ अर्धशतकीय साझदारी कर पारी को संभाला।

भारतीय टीम की ओर से मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दूल ठाकुर ने एक-एक विकेट लिए।

पहले दिन के पहले सेशन में भारतीय गेंदबाजों का दबदबा रहा। कंगारू टीम ने 73 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए हैं। ग्रीन ट्रैक पर शमी-सिराज की जोड़ी ने स्विंग से अपना जलवा दिखाया और चौथे ओवर की चौथी बॉल पर टीम को पहली सफलता मिल गई। यहां सिराज ने ख्वाजा को पवेलियन भेजा। 2 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद वार्नर-लाबुशेन के बीच 69 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को शार्दूल ठाकुर ने तोड़ा।




दिन का दूसरा सेशन ऑस्ट्रेलियाई टीम के नाम रहा। इस सत्र में टीम ने एक विकेट खोकर 97 रन बनाए। सत्र की शुरुआत में ही लाबुशेन का विकेट गंवाने के बाद स्टीव स्मिथ ने ट्रेविड हेड के साथ 164 बॉल पर 94 रन की नाबाद साझेदारी की।

### एक नजर

## भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे डोमिनिका, त्रिनिदाद

**नई दिल्ली** । डोमिनिका और त्रिनिदाद अगले महीने भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। क्रिकेट वेस्ट इंडीज के बोर्डों के बीच साझा किए गए एक अस्थायी कार्यक्रम के अनुसार, बारबाडोस, त्रिनिदाद और गुयाना तीन वनडे और तीन ट्वेंटी-20 अंतरराष्ट्रीय सहित छह सफेद गेंद मैचों की मेजबानी करेंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अंतिम दो टी20 फ्लोरिडा, यूएसए में होंगे। सीरीज 12 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगी। भारतीय टीम के 5-6 जुलाई को कैरेबियाई दौरे पर जाने की उम्मीद है।



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा कार्यक्रम को अंतिम रूप दिए जाने के बाद मैचों की औपचारिक तारीखें जारी की जाएंगी। बोर्डों के बीच दो अतिरिक्त टी20ई के लिए एक औपचारिक समझौते पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। अगले कुछ दिनों में लंदन में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के दौरान, जहां बीसीसीआई और सीडब्ल्यूआई के सदस्य मिलेंगे, इसे औपचारिक रूप दिए जाने की उम्मीद है।

## फ्रेंच ओपन...ओलिंपिक चैंपियन ज्वेरेव लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में

### पिछले साल इसी टूर्नामेंट में चोटिल हुए थे, बैसाखियों के सहारे छोड़ा था कोर्ट

**पेरिस।** जर्मनी के ओलिंपिक चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फ्रेंच ओपन 2023 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने बुधवार को क्वार्टर फाइनल में अर्जेंटीना के 22वीं सीड टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 6-4, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। वे लगातार तीसरी बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर गए हैं। ज्वेरेव का यह छठा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है। ज्वेरेव पिछले साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में राफेल नडाल के खिलाफ चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। सेमीफाइनल में ओलिंपिक चैंपियन ज्वेरेव का सामना नॉर्वे के कैस्पर रूड से होगा। पिछले साल सेमीफाइनल मुकाबले के दूसरे सेट के 12वें गेम में नडाल के शॉट पर ज्वेरेव रिटर्न करते समय गिर पड़े थे। जहां उन्हें काफी ज्यादा चोट आई थी, बाद में उन्हें बैसाखी के सहारे कोर्ट से बाहर जाना पड़ा था।



### जोकोविच ग्रैंड स्लैम के 45वें सेमीफाइनल में

सर्बिया के खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रूस के करेन खाचानोव को हराया। इस जीत के साथ जोकोविच अपने करियर के 45वें सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। जोकोविच को करेन ने बराबर की टक्कर दी। मैच के पहले सेट को करेन ने 6-4 से जीत लिया। जिसके बाद जोकोविच ने मैच जीतने में ज्यादा समय नहीं लगाया और अंतिम तीन सेट 7-6, 6-2, 6-4 से जीत लिए।

बेकहम की टीम के साथ मेसी का करार

## अमेरिका के मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी से जुड़े

लियोनल मेसी अमेरिका की फुटबॉल लीग मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी में शामिल हो गए हैं। मेसी ने स्वयं इसकी पुष्टि की है। मेसी का अनुबंध फ्रांस के क्लब पेरिस सेंट जर्मन के साथ 30 जून को खत्म हो जाएगा। मेसी ने शनिवार को लीग वन में क्लेरमोंट फुटबॉल क्लब के खिलाफ पीएसजी (पेरिस सेंट जर्मन) के लिए अपना आखिरी मैच खेला था। रिपोर्ट्स के अनुसार, मेसी को सऊदी लीग से इतिहास में सबसे ज्यादा रुपए का ऑफर मिला था, लेकिन उन्होंने वो ऑफर स्वीकार नहीं किया। बार्सिलोना क्लब भी मेसी की वापसी की राह तलाश रहा था।



हालांकि, डेविड बेकहम की टीम इंटर मियामी और मेसी ने करार को लेकर अभी तक ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है।

फुटबॉल जगत में बुधवार को कई और ट्रांसफर हुए। रियल मैड्रिड छोड़ने के बाद बेंजेमा ने अल-इतिहाद के साथ 2 साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। 2 साल के दौरान उन्हें एक सीजन के लिए अल इतिहास 1,768 करोड़ रुपए देगा।

माना जा रहा है कि फ्रांस के एनगोलो कांटे के साथ भी अल इतिहाद ने करार कर लिया है। उन्हें अल इतिहाद ने 883 करोड़ रु. में खरीदा है। वहीं, बेंजेमा की गैरमौजूदगी को पूरा करने के लिए रियल मैड्रिड ने डॉर्टमंड के साथ 910 करोड़ रुपए का करार किया।

## 3-फैक्टर्स में जानें क्यों विकेट को तरसे भारतीय गेंदबाजटीम सिलेक्शन में खामी, टॉस और वेदर कंडीशन का पूरा फायदा नहीं उठा सके




**लंदन।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने मजबूत शुरुआत की है। टीम ने पहले ही दिन 327 रन बना डाले और उनके 7 विकेट बाकी हैं। ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ की जोड़ी 251 रन की पार्टनरशिप कर नाबाद है। कंगारू टीम 500+ के स्कोर के पार जाने के लिए प्लेटफॉर्म सेट कर चुकी है। ऐसा होने पर ऑस्ट्रेलिया सिर्फ 1 पारी के दम पर भारत को मैच से लगभग बाहर कर देगा। ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया के खिलाफ अब तक 10 बार पहली पारी में 500 रन या इससे ज्यादा का स्कोर बनाया है। इसमें उसे 5 में जीत मिली और सिर्फ 1 में हार झेलनी पड़ी। 1 टेस्ट टाई रहा और 3 ड्रॉ रहे। हेड (नाबाद 146) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 95) दूसरे दिन बैटिंग शुरू करेंगे। डेविड वार्नर ने 43 और मार्नस लाबुशेन ने 26 रन बनाए, जबकि उस्मान खाता खोले बिना आउट हुए। टीम इंडिया की ओर से मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और शार्दूल ठाकुर ने एक-एक विकेट लिया।

प्राप्त आय से खेत में नलकूप खनन कराने के साथ ही खरीदा दुपहिया वाहन

# गोधन न्याय योजना पशुपालकों, किसानों के लिये बनी अतिरिक्त आय का जरिया

## ग्राम पुटा के नारायण सिंह ने गोबर बेचकर कमाया 1 लाख से अधिक का लाभ

जोहार छतीसगढ़-कोरबा।

छत्तीसगढ़ सरकार की जनहितकारी गोधन न्याय योजना पशुपालकों एवं किसानों के लिए आर्थिक रूप से बेहद लाभदायक सिद्ध हो रही है। जिससे यहां के ग्रामीणों में पशुपालन को लेकर रुचि बढ़ रही है, साथ ही किसान गोबर बेचकर आर्थिक रूप से मजबूत भी हो रहे हैं। गोधन न्याय योजना के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा खरीदे जा रहे गोबर से यहां के गौपालकों, किसानों, गौठान समिति लाभान्वित होने के साथ उन्हें अतिरिक्त आय भी प्राप्त होने से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है। जिले के पाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुटा में संचालित गोधन न्याय योजना से नारायण सिंह कोराम के जीवन मे काफी







बदलाव आया है। उन्होंने उक्त योजना के तहत गौठान में 594 क्विंटल गोबर विक्रय कर 01 लाख 18 हजार से अधिक आय प्राप्त किया है। जिससे उन्हें आर्थिक लाभ हुआ है। गोबर विक्रय से प्राप्त होने वाले अतिरिक्त आय से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होने से उन्होंने अपने खेत मे नलकूप खनन कराया हैए साथ ही एक दोपहिया वाहन भी खरीदा है। नारायण सिंह ने बताया कि उनका परिवार खेती किसानी पर निर्भर है। कृषि कार्य हेतु उनके पास दो जोड़ी बैल है। साथ ही गाय पालन भी करते हैं। पहले खेती-किसानी कार्य के लिए प्राकृतिक वर्षा पर ही निर्भर रहना पड़ता था। जिससे एक ही फसल लेने की मजबूरी थी। लेकिन जब से भूपेश सरकार ने गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर खरीदना शुरू किया है। उनके परिवार के जीवन मे खुशियों की बहार आने लगी है। उन्होंने बताया कि गोबर बेचकर प्राप्त आय से उन्होंने अपने खेत में नलकूप खनन कराया जिससे वे खरीफ फसल के बाद रबी की फसल लेकर दोहरा लाभ ले सके। साथ ही दलहन व सब्जी पैदावार से भी उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके और घर के लिए आवश्यक चीजों की पूर्ति करने में आर्थिक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। वहीं दोपहिया वाहन खरीदी के संबंध में उनका कहना है कि कहीं आने-जाने में समय और पैसे की बचत करने के लिए उसने दुपहिया गाड़ी खरीदा है। गौठान समिति के अध्यक्ष फेरूसिंह ध्रुव ने बताया कि गौठान का संचालन शासन के मंशानुसार एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जहां गौ.वंश के देखरेख, उनके चारे.पानी की पर्याप्त व्यवस्था के साथ समय-समय पर इलाज जैसे अन्य कार्य शामिल है।

*वहीं सरपंच पति एवं गौठान समिति के सदस्य दिलराम नेताम ने राज्य सरकार की इस योजना को गौ वंश संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल एवं बेहद जनहितकारी योजना बताया। उन्होंने बताया कि गौठान में गोधन न्याय योजना सहित महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका मूलक गतिविधियों से उन्हें आर्थिक संबल मिल रहा है। इस हेतु हितग्राही नारायण सिंह सहित ग्राम पंचायत पुटा के पशुपालकों, किसानों ने गौठान योजना संचालन करने हेतु प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।*

## एक नजर

### आईटीआई कोरबा में 12 जून को होगा अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

कोरबा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में 12 जून 2023 को अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत सभी उद्योगों, प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम मे पंजीयन किया जाएगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग, प्रतिष्ठान एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी आईटीआई कोरबा में 12 जून को सुबह 09 बजे उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोरबा ने बताया कि अप्रेंटिसशिप योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन कराये जाने के निर्देशानुसार 12 जून को अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का लाभ लेने इच्छुक शिक्षित बेरोजगार कर सकते हैं आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना का लाभ लेने के लिए जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक.युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत विनिर्माण उद्यम हेतु अधिकतम 25 लाखए सेवा क्षेत्र हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु अधिकतम 2 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। ऋण हेतु इच्छुक युवक.युवतियां आवेदन पत्र निर्धारित फार्म में भरकर कार्यालयीन समय में कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्रए कोरबा में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा योजना का लाभ लेने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके अंतर्गत आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं उत्तीर्ण हो। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग महिलाए भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित परिवार के सदस्य एवं नि:शक्तजन जैसे आरक्षित श्रेणी के आवदेकों हेतु अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छुट की पात्रता होगी। एक परिवार से एक ही व्यक्ति आवेदन करने के लिए पात्र होगा साथ ही आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी प्रकार आवेदक किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था या सहकारी बैंक का ऋण चूककर्ता नहीं होना चाहिए। आवेदक को प्रधानमंत्री रोजगार योजनाए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, भारत सरकार या राज्य सरकार की किसी अन्य योजना के अंतर्गत अनुदान का लाभ नहीं लिया होना चाहिए। योजना अंतर्गत सामान्य वर्ग को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख रूपये तक, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिला, दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित आवेदक को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 15 प्रतिशत अधिकतम 1.50 लाख रूपये तक एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के आवेदक को बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम 1.50 लाख रूपये तक के मार्जिन मनी अनुदान की पात्रता होगी। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कोरबा से संपर्क किया जा सकता है।

### केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते रहेंगे एक दिवसीय कोरबा दौरे पर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते अपने एक दिवसीय दौरे पर 10 जून 2023 शनिवार को कोरबा पहुंचेंगे। कुलस्ते का अम्बिकापुर से रात्रि 08 बजे प्रस्थान एवं कोरबा जिला मुख्यालय के एनटीपीसी विश्राम गृह में रात्रि 11:30 बजे आगमन होगा। वे यहां रात्रि विश्राम कर 11 जून को प्रात: 09 बजे कोरबा विश्राम गृह से जांजगीर जिले के पंतोरा में भारत माला प्रोजेक्ट के सड़क निर्माण के निरीक्षण हेतु प्रस्थान करेंगे।

### स्कूटी से शराब तस्करी, युवक गिरफ्तार

**रायपुर ।** स्कूटी में शराब की तस्करी कर रहे एक युवक को माना थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 10 हजार रूपए मूल्य का शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नियमित जांच-पड़ताल के दौरान कल एक स्कूटी क्रमांक सीजी 04 डीक्यू-8956 को एसीसी सीमेंट के पास पकड़ा गया। आरोपी वाहन चालक वंइल मांडे पिता मनोहर मांडे से पूछताछ करने पर वह गोलमोल जवाब देने लगा। उसके वाहन की जांच करने पर वाहन में छिपा कर रखा गया 86 पाव शराब अनुमानित कीमत करीब 10 हजार रूपए बरामद किया गया।

## पर्यावरण प्रदूषण के खिलाफ भारतीय मजदूर संघ ने खोला मोर्चा: आम सभा कर निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

**कोरबा ।** भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई के द्वारा स्थानीय पर्यावरण प्रदूषण की समस्या के निदान किए जाने को लेकर आमसभा एवं रैली निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शाम 4 बजे बालको रोड, आईटीआई चौक रामपुर कोरबा में आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल, राष्ट्रीय पर्यावरण मंच प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा, भारतीय मजदूर संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप कुमार यादव व हेतराम कर्ष विशेष रुप से उपस्थित रहे। आमसभा एवं ज्ञापन कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ कोरबा के जिला अध्यक्ष शरद नायर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री नवरतन बरेठ द्वारा किया गया।

आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि आज विभिन्न उद्योगों से निकलने वाले प्रदूषण के कारण भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण मनुष्य कई प्रकार के गंभीर समस्याओं से जूझता रहता है। शारीरिक एवं मानसिक बीमारी का प्रमुख कारण है। प्रदूषण के कारण जलवायु में भी कई प्रकार के परिवर्तन होते रहता हैं। असमय वर्षा, बाढ़, तापमान में परिवर्तन, इसी पर्यावरण प्रदूषण की परिणाम है। भारतीय मजदूर संघ के द्वारा एल 20 कार्यक्रम के माध्यम से पूरे भारत भर में जन जागरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शासनए प्रशासन को भी इस पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए तत्काल कदम उठाना चाहिए। यदि समय रहते शासन के द्वारा हमारी मांगों को पर अमल नहीं किया गया तो आने वाले समय में भारतीय मजदूर संघ पर्यावरण प्रदूषण को लेकर एक वृहद आंदोलन करेगी। आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय पर्यावरण मंच के प्रभारी लक्ष्मण चंद्रा ने कहा कि भारत सरकार ने 19 प्रकार के सिंगल यूज प्लास्टिक के सामानों के उपयोग एवं बिक्री पर प्रतिबंध लगाया हैए फिर भी बाजारों एवं दुकानों में धड़ल्ले इसका उपयोग हो रहा है। अमानक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग के उपयोग पर पूर्णतरू प्रतिबंध किया जाना चाहिए। उसी प्रकार जिले में कोयला के मेगा प्रोजेक्ट से निकलने वाले धूल से वहां के कॉलोनी के लोग परेशान रहते हैं। धूल के रोकथाम हेतु तत्काल प्रशासन के द्वारा प्रबंधन को निर्देश दिया जाना चाहिए। आज उद्योग लगाने के नाम पर जंगलों को काटा जा रहा है इससे पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए एवं साथ ही साथ अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए।

## फड़ मुशी बनकर शो बाजी कर रहे विधायक- मुदलियार

### तेंदूपत्ता राशि ग्रामीणों का मेहनताना है कोई पहली बार नगद भुगतान नहीं हो रहा है

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।

क्षेत्रीय विधायक लगातार क्षेत्र के विकास में विफल हुए हैं इसलिए अपनी साख बचाने लगातार ड्रामेबाजी से बाज नही आ रहे। इस बीच फड़ मुंशी बनकर राजनीतिक शो बाजी कर रहे हैं। उक्त वक्तव्य भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने दी है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी के पर तीखा हमला किया है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि क्षेत्रीय विधायक विकास कार्यो



**क्षेत्र में नहीं कर सका विकास कार्य,इसलिए हो रहा राजनीतिक ड्रामेबाजी**

में लगातार विफल होने के बाद अब शो बाजी कृत्य में उतर आए हैं। अभी हाल ही में तेंदूपत्ता तोड़ाई खत्म होने के बाद हितग्राहियों का नगद भुगतान हो रहा है और यह कोई पहली दफा नहीं हो रहा है लेकिन विधायक यहां राजनीतिक रोटी सेकने और अपनी विफलता को छुपाने के लिए फंड मुंशी बनकर ग्रामीणों के बीच राशि भुगतान करते शो बाजी कर रहे हैं। वहीं मुदलियार ने आगे कहा कि यह पैसा हितग्राहियों का मेहनताना है न कि विधायक कोई मुफ्त की रेवड़ी बांट रहे है। जो बेवजह ही ग्रामीणों को परेशान करने की मंशा से घण्टों बैठाकर राजनीतिक भाषण बाजी करते फिर रहे हैं। जबकि इससे पूर्व फड़ मुशियों के माध्यम से फड़ों में राशि भुगतान की जाती रही है। इसमें विधायक का क्या योगदान है जनता को बताना क्या चाह रहे हैं यह समझ से परे हैं। वास्तव में इनके पास क्षेत्र के लिए कोई नीति नहीं है अब वक्त बीत गया चुनावी भय है इसलिए फड़ मुंशी बनने से भी इन्हें कोई परहेज नही। चूंकि इनके पास आज पर्यन्त तक जनता का कोई कार्य किया नहीं अब जनता के बीच जाने का बहाना तलाश रहे हैं इनका शो बाजी प्लॉप हो चुका हैएजनता इन्हें परख चुकी है विधायक अपना काम छोड़ दूसरे के कार्य क्षेत्र में टांग अड़ा रहे हैं।

## ट्रेन की खिड़की पर लगाई फांसी, युवक की फंदे पर लटकती मिली लाश

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर- 4 पर खड़ी ट्रेन की खिड़की से एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद युवक के शव को परिजनों को सौंप दिया है। युवक की शिनाख्त खलासी प्रदीप कुमार पोया के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में युवक द्वारा आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। युवक ने गमछे से फांसी लगाई है। युवक ने आत्महत्या क्यों की, इस बात का पता अभी तक नहीं चला है। पुलिस



ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बता दें कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पकराडीह भेंडरी का रहने वाला प्रदीप कुमार पोया ट्रक में खलासी का काम करता था। 30 मई को प्रदीप अंबिकापुर आया और अपने भाई अजेश को फोन कर अपना लाइसेंस मंगाया।

अजेश अपने दोस्त के साथ अंबिकापुर आकर लाइसेंस देते हुए भाई को घर चलने के लिए बोला। इस पर युवक अपने भाई के साथ घर चला गया। दूसरे दिन 31 मई को अंबिकापुर आने के लिए युवक प्रदीप कुमार पोया अपने भाई के साथ घर से निकला और प्रतापपुर के परसवार मोड़ के पास बाइक से उतरकर भाई को वापस घर भेज दिया। इसके बाद जब युवक अंबिकापुर पहुंचा, तब भाई ने फोन करके जानकारी ली। इसके बाद से युवक का मोबाइल बंद हो गया। 6 दिन के बाद रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के प्लेटफार्म नंबर- 4 पर खड़ी कोचिंग ट्रेन की खिड़की से युवक की गमछे से बंधी हुई लाश बरामद हुई है।

## नशे में धूत पिता ने गाली गलौज करने पर बेटा ने किया पिता की हत्या

जोहार छतीसगढ़-सूरजपुर।

ग्राम दुरती निवासी जयमंगल ने थाना प्रतापपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 जून के रात्रि में इसका पिता पवनसाय नशे में घर आया और अपनी पत्नी को गाली-गलौज करने लगा तो भाई धीरेन्द्र सिंह पिता को गाली गलौज करने से मना किया पर वह नहीं माना तब उसने पिता को हाथ झापड़ से मारपीट किया फिर भी वह गाली देना बंद नहीं किया।



तब वह गुस्से में फावड़ा से पिता के सर में प्रहार कर हत्या कर दिया। प्रार्थी की सूचना पर मर्ग कायमी उपरान्त अपराध क्रमांक 122/23 धारा 302 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज रामगोपाल गर्ग के सतत् मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। थाना प्रतापपुर पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दबिश देकर आरोपी धीरेन्द्र सिंह पिता स्व.पवन साय उम्र 31 वर्ष को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त फावड़ा जप्त कर उसे गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रतापपुर किशोर केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक राजेश यादव, रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, अवधेश कुशवाहा, हरिशचन्द्र दास व प्रवीण सिंह सक्रिय रहे।

## पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुथी, प्रेमी निकला प्रेमिका का हत्यारा

जोहार छतीसगढ़-कुसमी।

ग्राम भुलसीकला के आमादरहा जंगल में एक अज्ञात युवती की लाश मिली थी जिस पर घटना क्रम को जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक बलरामपुर लाल उमेद सिंह एवं अति.पुलिस अधीक्षक सुशील नायक को अवगत कराया गया जिस पर दोनों वरिष्ठ अधिकारी गणों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी पता तलाश करने एवं अज्ञात युवती की पहचान कर अपराध का अन्वेषण करने हिदायत दिया जिस पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी, थाना प्रभारी कुसमी सुनील केरकेट्टा के साथ मौका, वारदात पर जाकर लगातार चार दिन तक कैम्प करके कई संदीग्ध लोगों से पूछताछ करने पर अज्ञात युवती की पहचान ग्राम भुलसीकला के तैतरटोली की रहने वाली




सरस्वती गोड़ पिता रामेश्वर गोड़ उम्र 20 साल का होना पता चलने पर उक्त युवती के परिचीत के लोगों से पूछताछ करने पर एवं युवती एवं संदिग्ध लोगों के कॉल डीटेल को खंघालने पर संदिग्ध प्रदीप यादव के बारे में जानकारी प्राप्त हुई जो एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी और कुसमी पुलिस की टीम के द्वारा उक्त संदेही से बारिकी से पूछताछ करने पर बताया कि 02 जून 2023 को मृतिका सरस्वती गोड ने इसे अचानक फोन करके कहने लगी कि भूलसीकला शासकीय हाई स्कूल में पढ़ाई करने के बाद तुम मुझे भूल गये हो मैं तुमसे मिलना चाहती हूं फिर मृतिका ने उसी दिन शाम 7 बजे प्रदीप यादव को फोन करके गांव के गढ़वा टोली के जंगल मे बुलाकर उससे बात चित करने लगी और कहने लगी की मैं स्कूल के समय से ही तुम्हे पसंद करती हूं तुम्हारे साथ शादी करना चाहती हूं और अभी मैं तुम्हारे साथ घर जाकर तुम्हारे घर में रहूंगी जब प्रदीप यादव ने उसे कहा की मैं तुमसे प्यार मोहब्बत नहीं करता हूं और न ही मैं तुमसे शादी करुगां और न ही तुम्हे अपने घर ले कर जाउगा कहकर युवक प्रदीप यादव वापस अपने घर जाने लगा इसके घर के समीप घुकाटोंगरी जंगल के पास मृतिका इसके पीछे-पीछे जबरजस्ती आकर इससे जिद करने लगी कि मैं तुमको चाहती हूं और अब मैं तुम्हारे ही घर में रहूंगी तब प्रदीप यादव के द्वारा इंकार करने पर जब मृतिका नहीं मानी तब आग बबुला होकर प्रदीप यादव जंगल में पड़े पत्थर को उठा कर मृतिका सरस्वती गोड़ के सिर माथा, गर्दन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे मृतिका लहु लुहान होकर नीचे गिर गयी तब प्रदीप यादव ने पत्थर से उसके चेहरे को कुचल कर उसकी हत्या कर भाग गया, और घटना क्रम के बाद से अपने घर पर ही रहने लगा। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी, थाना प्रभारी सुनील केरकेट्टा ने घटना क्रम का खुलाशा करते हुए आरोपी प्रदीप यादव पिता रामबालक उम्र 20 साल साकिन घूझरिया अमरपुर को थाना कुसमी के अपराध क्र. 31/23 धारा 302, 201 भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। लगातार प्रयास करने के पश्चात घटना क्रम के चार दिवस के भीतर इस ब्लाईड मर्डर को डीटेक्ट करने में कुसमी पुलिस को सफलता मिली है। इस हत्या कांड का पर्दापफाश करने में एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी के नेतृत्व में टीआई सुनील केरकेट्टा, सउनि प्रकाश तिर्की, प्र.आर दीपक बड़ा, आर संजय साहू, चंद्ररसाय मूलघर पैंकरा को सफलता प्राप्त हुई है। एसडीओपी कुसमी रितेश चौधरी ने बताया कि विगत पच्चीस दिनों के भीतर कुसमी पन्द्रह लाख की चोरी, ग्राम गोविंदपुर मे अनुरंजन केरकेट्टा के हत्याकांड एवं मृतिका सरस्वती गोड़ के हत्या के मामले में कुसमी पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए सफलता प्राप्त की है।

# आरसीटी महिला क्रिकेट लीग का फाइनल संपन्न

## खेल से बनता है व्यक्तित्व –पूनम राउत, हमारा उद्देश्य बेटियों को आगे बढ़ाना – रामचन्द्र

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।






आरसीटी के द्वारा महिला क्रिकेट लीग का समापन समारोह क्रिकेट की अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी पूनम राउत, शहर विधायक प्रकाश नायक, नगर निगम महापौर जानकी काटजू के आतिथ्य एवं स्टेडियम कमेटी के सदस्य रामचन्द्र शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

आरसीटी आयोजन समिति के प्रमुख सदस्य विशाल सिंघानिया, महेश वर्मा, प्रशांत शर्मा ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश नायक ने इस प्रतियोगिता को दिल से सराहा। पूनम राउत के आगमन को यहां के क्रिकेट जगत हेतु ऐतिहासिक पल बताया। अतिथि के आसंदी से अंतर्राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी पूनम राउत ने अपने उद्बोधन में युवा महिला खिलाडियों को संबोधित किया। खेल में आगे बढने् के टिप्स दिए। महापौर जानकी काटजू ने इस प्रतियोगिता से महिला सशक्तिकरण को जोड़ते हुए ऐसे प्रतियोगिता लगातार करवाये जाने की जरूरत को बताया। अध्यक्षता करते हुए जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि 1 माह की अथक मेहनत के बाद सभी के सहयोग से यह प्रतियोगिता संपन्न हुई। रामचन्द्र ने कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य शहर के बेटियों को आगे बढ़ाना है। इसके अलावा युवा समाज सेवी शरणदीप सिंह, विवेक सिंघानिया, संतोष मिश्रा, मयंक मोदी, राजेश भारद्वाज, राहुल शर्मा, चद्रशेखर चौधरी, समिति के सदस्य अक्षय गुप्ता, प्रशांत शर्मा, दिलीप सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह, दीपक साहू, अम्पायर आदित्य शर्मा, रोशन देवांगन, महेश दधीचि, स्कोरर कृतिक शर्मा, वरिष्ठ खिलाड़ी महेन्द्र साव, निक्की गुप्ता, आकाश चंद्रा, कैलाश त्रिपाठी, अमित कुंवर,स्टेडियम प्रभारी विजय चौहान, आसीक हुसैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संचालन दिलीप सिंह ने आभार प्रदर्शन सदस्य महेश वर्मा ने किया।

### *आर के एंजल ने जीता फाईनल, ईनामों की हुई बारिश

समिति के सदस्य अक्षय गुप्ता, दीपक साहू, आलोक रंजन ने बताया आरसीटी के द्वारा आयोजित महिला क्रिकेट का ऐतिहासिक फाइनल आर.के.एंजेल्स एवं कृष्णा ज्वांइट्स के मध्य खेला गया समिति के सदस्य प्रशांत शर्मा एवं दीपक साहू ने बताया की इस ऐतिहासिक मैच का टॉस कृष्णा ज्वांइट्से इंटर की कप्तान कुमुद साहू ने जीता और पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया, कप्तान कुमुद के नेतृत्व में कृष्णा ज्वांइट्स की टीम ने धीमी और सधी हुई शुरुआत करते हुए एक समय बिना विकेट के 51 रन बना लिए थे लेकिन यहां से आर.के.एंजेल्स के गेंदबाजों का जलवा चला और खासकर संजना जिन्होंने अपना पंजा खोला और इस टूर्नामेंट में 5 विकेट पाने वाली पहली गेंदबाज बनी, ऋतु मेश्राम को 3 विकेट मिले, कृष्णा ज्वांइट्स के ओर से कुमुद और उपासना ने 21 – 21 रन बनाए पहल टंडन ने 19 रनों का ज्ञान दिया , प्रांसु को 1 विकेट मिला और पूरी पारी कृष्णा ज्वांइट्स की 19.1 ओवर में मात्र 87 रनों पर ही सिमट गई।

समिति के सदस्य रामचंद्र शर्मा एवं विशाल सिंघानिया ने बताया की जवाबी पारी में आर.के. एंजेल्स की भी पारी शुरुआत में लडखड़ा रही थी लेकिन रन रेट थोड़ा तेज था और स्कोर कम था एक समय 4 ओवर में टीम 3 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी लेकिन जागेश्वरी ने एक छोर सम्हाले रखा और उनका साथ दिया राधिका नेताम ने अंत में जीत आर.के. एंजेल्स की हुई जिसमें चमचमाती हुई ट्रॉफी के साथ 51000 का नगद पुरुस्कार और कृष्णा ज्वांइट्स को ट्रॉफी और 31000 का नगद पुरुस्कार मिला । खेल भावना की जीत हुई मैच खत्म होने के बाद दोनों टीम के खिलाडय़िों ने ढोल पीआर जमकर नाचकर जश्न मनाया टीम के दोनो डायरेक्टर विवेक सिंघानिया एवं मयंक मोदी बहुत ही उत्साह से लबरेज थे , व्यक्तिगत पुरुस्कारों में भी नगद राशि की झड़ी लगी हुई थी जिसमें महेश वर्मा ने बताया की प्लेयर ऑफ द फाइनल और प्लेयर ऑफ द सीरीज संजना पारधी को जिसमे उन्हें ट्रॉफी के साथ 5200 का नगद पुरुस्कार और 5 विकेट लेने पर अलग से 2100 का नगद पुरुस्कार मिला , बेस्ट बैटर कुमुद साहू नगद 1100 एवं ट्रॉफी , बेस्ट बॉलर तानिया बेरिया नगद 1100 एवं ट्रॉफी , बेस्ट विकेट कीपर ईशा भारती नगद 1100 एवं ट्रॉफी बेस्ट फील्डर संजीता पटेल नगद 1100 एवं ट्रॉफी बेस्ट कैच निधि सूर्यवंशी नगद 2000 अमित कुंवर की तरफ से बेस्ट इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द रायगढ़ रुखसाना खातून को एक हेलमेट दोलामणि नायक पिथौरा की तरफ से दिया गया।

## एक नजर

### रायगढ़ के स्टेडियम में मोनिका पाठक ने क्रिकेटर्स को दिया त्राटक शटकर्म की वैदिक ज्ञान कराया सभी क्रिकेटर्स को योग

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

शुद्ध योग केंद्र बिलासपुर की संचालिका सुश्री मोनिका पाठक ने विगत दिनों रायगढ़ स्टेडियम में क्रिकेटर्स को योग का वैदिक ज्ञान दिया। लोगों को दिया त्राटक शटकर्म का ज्ञान ।मोनिका पाठक ने बताया कि त्राटक छठी अवस्था का नाम है। त्राटक योग का उपयोग सबसे पहले मन की अस्थिरता को दूर करने और एकाग्रता को बढ़ावा देने के साथ साथ आंखों की मासपेशियों को मजबूत करने के लिए किया जाता है। त्राटक योग के अभ्यास को मुक्ति और मोक्ष के मार्ग की तैयारी के लिए बताए गए छह शटकर्म एक का नाम है। साथ ही सुश्री मोनिका ने बताया कि त्राटक योग का अभ्यास करने की बात आती है। तो इसे करने के कई तरीके है। चाहे उसका बौद्ध.प्रभावित श्वास केंद्रित ध्यान हो, मंत्र के साथ वैदिक ध्यान हो या आपकी शारीरिक संवेदनाओं का ध्यानपूर्वक अवलोकन करना है। योग को स्थिरता और स्वस्थ के लाभ के नाम से जाना जाता है। जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि मोनिका पाठक।

### जिले में सखी निवास संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।

भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा व्यवसायिक प्रतिबद्धताओं के कारण अपने परिवार से दूर रहने वाले कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित और किफायती आवास की उपलब्धता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहरों, कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं को हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सखी निवास का संचालन किया जाएगा। हॉस्टल संचालन हेतु बेमेतरा जिला अंतर्गत स्वयं सेवी संगठन/संस्था/एजेंसी/नगर/नगर पालिका से 19 जून 2023 तक प्रस्ताव जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला बेमेतरा में आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### समय सीमा में हुआ लंबित प्रकरणों का निराकरण

प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का मुआवजा राशि, मजदूरी भुगतान, मृत्यु उपरांत शासकीय देयकों का भुगतान, तालाब निर्माण की स्वीकृति संबंधी प्रकरण का किया गया निराकरण

जोहार छत्तसगढ़–जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों के प्राप्त आवेदनों को समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों को समयावधि में निराकरण करने निर्देशित किया था। निर्देशों के परिपालन में संबंधित विभाग ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का मुआवजा राशि, मजदूरी भुगतान,मृत्यु उपरांत शासकीय देयकों का भुगतान किए जाने के संबंध में, तालाब निर्माण की स्वीकृति संबंधी प्रकरण को विभाग ने आवश्यक कार्यवाही कर समयावधि में निराकरण कर दिया है। गौरतलब है कि आवेदक लाला साय, ग्राम कुरकुट नाला, तहसील पत्थलगांव जो तेज आंधी तूफान के कारण कच्चा मकान में पेड़ गिर जाने के कारण मकान की क्षति हुई थी। प्राकृतिक आपदा के तहत संबंधित के खाते में पैसा स्थानांतरित कर दिया गया है। आवेदक देव साय, ग्राम खड़कोना मजदूरी भुगतान कि शेष राशि का हेतु आवेदन किया गया था जिस पर कार्रवाई कर संबंधित मजदूर को पंचनामा तैयार कर मजदूरी भुगतान कर दिया गया है। आवेदक राशु राम जंगल की भूमि पर तालाब निर्माण की स्वीकृति हेतु आवेदन किया गया था। जिसे आवश्यक कार्रवाई कर तालाब निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदाय कर दी गई है। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत रुफिना मिंज का ड्यूटी उपरांत उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई थी जिस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए समय अवधि में संबंधित का भुगतान कर दिया गया है।

### नवतपा बीतने के बाद भी तपा रही सूरज की धूप

**कोरबा** ।नवतपा बीतने के पांच दिन बाद भी सूरज की धूप के तेवर कम नहीं हुए हैं। बुधवार को दोपहर का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पर रहा। सुबह से चढ़ती धूप से हलकान लोग अब बेसब्री से मानसून का इंतजार करने लगे है।

आषाढ़ माह की शुरूआत हो चुकी हैं। इसके बाद भी ग्रीष्म का असर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अब भी तरह.तरह की जतन कर रहे हैं। दोपहर के समय सड़कों में आना जाना थम जाता है। लोग चेहरे पर स्कार्फबांध कर सफर करने को मजबूर हैं। दोपहर के समय तापमान शीर्ष पर होने से लू लगने का भय बना हुआ है।

## जल संसाधन विभाग के डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कृष्णा निलंबित

### कार्यालयीन समय में शराब सेवन कर कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने के कारण हुई कार्यवाही

जोहार छत्तसगढ़–जशपुरनगर।

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने जल संसाधन सर्वेक्षण एवं अनुसंधान उप संभाग, जशपुर में पदस्थ डाटा एन्ट्री ऑपरेटर कृष्णा राम को कार्यालयीन समय में शराब सेवन कर कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए शासकीय कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने के कारण छग सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपीलद्ध नियम 1966 के नियम.9 के तहत प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित है। निलंबन अवधि में कृष्णा राम, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर का मुख्यालय जल संसाधन उप संभाग पत्थलगांव निर्धारित किया है। निलंबन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## एकजुट होकर श्रीवास समाज को बनाए मजबूत व सुदृढ़ : मोहन श्रीवास

**कोरबा** ।श्रीवास परिवार विकास समिति के शपथ ग्रहण समारोह में देशहा श्रीवास समाज के संभागीय पदाधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर सर्वप्रथम बजरंगबली एवं आराध्य देव श्री सेन महाराज पर दीप प्रज्वलन और पुष्प चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सर्व समाज के जिलाध्यक्ष मोहन श्रीवास ने अपने उद्बोधन में श्रीवास परिवार विकास समिति द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए एकजुट होकर आगे भविष्य में समाज को सुदृढ़ बनाने जोर दिया।

स्वागत कार्यक्रम में कोरबा इकाई द्वारा संभागीय पदाधिकारियों एवं सर्व समाज कोरबा के जिलाध्यक्ष का शाल एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। संभागीय सचिव चंद्रमणि श्रीवास ने कहा कि कोरबा एक सशक्त और मजबूत इकाई है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से उम्मीद करता हूं कि वह संभाग की टीम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर बेहतर काम करेंगे। संभागीय कोषाध्यक्ष संतोष श्रीवास ने कहा कि सभी कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों में कोरबा इकाई का अहम योगदान रहता है। जिस तरह आज तक कोरबा इकाई संगठित होकर समाज के विकास में योगदान दे रहा हैए आगे भी बढ़.चढ़कर योगदान करने अपील किया। संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास ने कहा कि संभाग स्तरीय बहुत सारे कार्यक्रम बिलासपुर समाज द्वारा किया जा रहा है। उपाध्यक्ष लक्ष्मी श्रीवास ने कहा कि कोरबा इकाई के अध्यक्ष रखते हुए उनके कार्यकाल में कई उपलब्धियां हासिल हुई है।

सफलता की कहानी

# भट्ठा मिट्टी बांध एवं नहर निर्माण से किसानों के लिए वरदान साबित हुई

## लगभग 100 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई की सुविधा मिलने लगी

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।





जल संचय एवं भू जल स्तर में वृद्धि करने एवं किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा जिले के नालों में मिट्टी बांध एवं नहर निर्माण कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है।

इसी कड़ी में जल संसाधन विभाग जशपुर द्वारा ग्राम पंचायत भट्ठा में भट्ठा मिट्टी बांध एवं नहर निर्माण कार्य वर्ष 2019–20 में हुआ। मनरेगा योजना अन्तर्गत भट्ठा मिट्टी बांध एवं नहर निर्माण कार्य से किसानों के वरदान साबित हुई है इस बांध के बनने से सिचाई सुविधा में वृद्धि, जल संचय एवं भू जल स्तर में वृद्धि हो रही है। तथा बांध के दोनों तरफ किसानों के भूमि होने से सिचाई की अच्छी सुविधा मिल रही है। एवं नहर कार्य होने से बांध काफी दूरी तक किसानों खेतों की सिचाई सुविधा मिल रही। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत भट्ठा के ग्रामीणों की आय का मुख्य स्त्रोत कृषि है। भट्ठा नाला मिट्टी बांध नहर निर्माण कार्य होने से ग्राम की जल स्तर में भी काफी बढ़ोतरी हुई है और किसानों की लगभग 100 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की सुविधा मिलने लगी है। अब यहां किसान रबि, एवं खरिफ दोनों समय का फसल का उपज सहजता से किया जा रहा है। तथा किसानों की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है। इस क्षेत्र में मिर्ची फसल के लिए काफी उपयुक्त भूमि पाई जाती है। सिचाई सुविधा नही होने से मिर्ची की फसल नहीं हो पाती थी। किन्तु अब भट्ठा मिट्टी बांध एवं नहर निर्माण से लगभग 25 एकड़ भूमि पर मिर्च की फसल लग रही है। जिसे किसानों को काफी लाभ मिल रही है। भट्ठा मिट्टी बांध एवं नहर निर्माण कार्य वर्ष 2020 में पूर्ण हुआ और उसी वर्ष किसानों ने मिर्ची की खेती से लाभ लेना शुरू कर दिया। बांध के बनने से किसान महेन्द्र, श्रीनाथ, ललित, प्रेम और सनु अतिरिक्त फसल लगाकर लाखों रुपये की आय प्राप्त कर रहे हैं। बांध निर्माण से धान की रकबा में लगभग 25 हेक्टेयर वृद्धि हुई जो पहले असिंचित थी। बांध एवं नहर निर्माण से पूर्ण रूप से सिंचित हो गई। वर्तमान में धान की पैदावार में बढ़ोतरी हुआ है और किसान फसल का लाभ लेकर काफी खुशहाल है।

***भट्ठा नाला मिट्टी बांध नहर निर्माण कार्य होने से ग्राम की जल स्तर में बढ़ोतरी हुई***

***धान एवं मिर्ची की फसल उत्पादन कर किसान हो रहे लाभान्वित***



# प्रशासन तुंहर द्वार अभियान ग्राम पंचायत सरहर में शिविर का हुआ आयोजन

## शिविर में 68 आवेदनों का किया गया त्वरित निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़–जांजगीर चांपा।




एक जून कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले आमनागरिकों की शिकायतोंए समस्याओं आदि के निराकरण के लिए विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर पर लोंगो के नजदीक पहुंचते हुए प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आमजन से प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। आज जिले बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत सरहर में जिला स्तरीय प्रशासन तुहंर द्वार अभियान शिविर आयोजन किया गया। प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत आयोजित शिविर में कुल 95 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों में 68 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में महिला बाल विकास विभाग अन्तर्गत उपस्थित जनप्रतिनिधियों से गोदभराई एवं अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया। इसके साथ ही कृषि विभाग द्वारा स्प्रेयर, उद्यानिकी विभाग द्वारा पौधा वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा मोची पेंटी का वितरण किया। जिला पंचायत सदस्य उमा राठौर, कार्यक्रम में गुलजार सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. आराध्या राहुल कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत भिलौनी में 15 जून को होगा प्रशासन तुंहर द्वार शिविर आयोजन

इसी प्रकार 15 जून को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत भिलौनी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। 22 जून को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदी में, 28 जून को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खोखरा में, 6 जूलाई को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत चारपारा में, 13 जूलाई को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत बिर्रा में, 20 जुलाई को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत रसौटा मेंए 27 जुलाई को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत तरौद मेंए 3 अगस्त को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदी में, 10 अगस्त को बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत बसंतपुर में, 17 अगस्त को बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पंचायत चोरिया में, 24 अगस्त को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कोसला में और 31 अगस्त को अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मधुवा में प्रशासन तुहंर द्वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित ग्राम पंचायत के नागरिकों से शिविर में शामिल होकर ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की गई है।



# गुरु घासीदास सेवादार संघ एवं सभी समुदाय के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन सभा कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम पर सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़ – बेमेतरा।



बेमेतरा में कलेक्ट्रेट का घेराव के साथ धरना प्रदर्शन गुरु घासीदास सेवादार संघ के तत्वावधान एवं सभी समुदायों के नेतृत्व में हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई व्दारा तत्पश्चात ज्ञापन पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर महोदय को? मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के नाम ज्ञापन को कलेक्टर को सौंपा गया।

*ग्राम घोरहा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ के पा॰ओगेश्वर वर्मा और मसीही परिवारो के बीच किए जा रहे, मसीही विरोधी तत्वों साम्प्रदायिक संगठनों , नेताओं और इनके द्वारा धर्म जात के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा है और देश की एकता और अखंडता को तोड़ा जा रहा है

पास्टर ओगेश्वर वर्मा और उनके कलीसिया को बुरी तरह मारा–पीटा और प्रताड़ना,धमकी, समाजिक बहिष्कार आदि कर जीना मुश्किल कर दिया है पा॰ओगेश्वर वर्मा वर्मा को झूठे झूठे केस में फसाया गया वह कोर्ट से बाइज्जत बरी भी हुए। अब प्रशासन उल्टे उनके घर पर लगने वाली मसीह प्रार्थना सभा पर गैरकानूनी रूप से बंदिश लगा दिया गया कई तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। इसी संबंध में कलेक्टर महोदय एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर एक हफ्ते का उनको टाइम दिया गया है कि एक हफ्ते में पुलिस सुरक्षा सहित पास्टर ओगेश्वर वर्मा का प्रार्थना सभा को खोला जाए और दोषियों के ऊपर करवाई किया जाए ,नहीं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। और सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी।




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा ) सूरजपुर जिला सूरजपुर ( छ.ग. )**
**रा.प्र.क्र. 202009260300040/A-6 A/2022-23**
**नगर सूरजपुर तहसील सूरजपूर**
**ईश्तहार**

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिए सर्व साधारण आम जनता/संस्था/ विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका मु. साजदा बेगम वेवा स्व. अब्दुल हमीद जाति मुसलमान सा. महगवां द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर नगर सूरजपूर प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. स्थित भूमि खसरा नं. 1300/2 रकबा 0.016 हे. भूमि का पूराने अभीलेख के आधार पर वर्तमान अभीलेख में अब्दुल हमीद का नाम दर्ज कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है। वर्तमान में वाद भूमि खसरा नं.1300/2 रकबा 0.016 हे.भूमि चंद्रकली पति बेदप्रकाश के नाम पर दर्ज है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग/वर्तमान भूमि स्वामी को दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 12/06/2023 तक न्यायालयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 31/05/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
सूरजपुर जिला सूरजपुर

# आधे से ज्यादा किसानों के खाते में नहीं पहुंचा धान का बोनस

## किसानों को छलना बंद करे भूपेश सरकार–टीकाराम पटेल

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने कांग्रेस की भूपेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी न्याय योजना के तहत दिए जा रहे धान का बोनस राशि सभी किसानों के खाते में नहीं पहुंचा है।

ज्यादातर किसान बैंक तक पहुंच कर वापस लौट रहे हैं। कांग्रेस की भूपेश सरकार कर्ज में डूब चुकी है। अब उसके पास किसानों को समय पर देने के लिए पैसा नहीं है। समर्थन मूल्य के अतिरिक्त राशि को राजीव गांधी न्याय योजना के नाम पर चार किश्तों में देती है। लेकिन इस बार तो पहली किश्त देने के लिए पैसे नहीं है। तभी तो किसानों के खातों में अभी तक राशि जमा नहीं हो सका है। पटेल ने कहा कि भूपेश सरकार में सिर्फ घोटाला ही व्यवस्थित तरीके से हो रहा है। चुनावी घोषणा पत्र में बड़े–बड़े वादे करके सरकार में बैठी कांग्रेस अब सभी मोर्चों में फेल हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र के किसान कई किलोमीटर की दूरी



तय करके धान बोनस की पहली किश्त लेने बैंक पहुंच कर लाइन लगाते हैं और लाइन जब बैंक के काउंटर में पहुंचता तो उन्हें पता चलता है कि उनके खाते में राशि जमा नहीं हुई है। तो फिर भूपेश सरकार को कोसते हुए वापस लौट जाते हैं। धान का कटोरा कहे जाने वाले इस प्रदेश में किसान ही यदि दुखी हो तो प्रदेश खुशहाल कैसे बनेगा।

### समर्थन मूल्य वृद्धि किसानों की आय दोगुनी करने सराहनीय कदम

*केंद्रीय मंत्रिमंडल 2023–24 के बैठक उपरांत किसानों के उत्पादक पर भारी दर वृद्धि की गई है। इस दर वृद्धि को किसानों के आय को दुगुना करने वाली कदम निरुपित करते हुए प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष टीकाराम पटेल ने कहा की किसानों के आय को लागत मूल्य से दुगुना करने केंद्र की मोदी सरकार कृत संकल्पित है। केंद्रीय मंत्री मंडल की बैठक में लिये गये अनेक निर्णय जैसे मूंग दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सबसे अधिक 10.4:, मूंगफली पर 9:, धान पर 7:, जवार, बाजरा, रागी,मेज, अरहर दाल, उड़द दाल, सोयाबीन, सूरजमुखी बीज पर वित्त वर्ष 2023.2024 के लिए लगभग 6.7: की वृद्धि की गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2023–24 के लिए खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। यह कदम उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए है। कैबिनेट ने धान का एमएसपी 143 रुपये बढ़ाकर वर्ष 2023.24 के लिए 2183 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। किसानों के हित में सदैव मजबूती से कदम उठाने वाली केंद्र की मोदी सरकार के इस निर्णय के बाद सभी किसानों में हर्ष का माहौल है वही किसानों की आमदानी को दुगनी करने के क्षेत्र में एक सार्थक पहल साबित होगा। एमएसपी के बढ़ौतरी पर सभी केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य को किसान मोर्चा की ओर से आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।*

## एक नजर

### साहित्य जगत का दमकता सूर्य सदा के लिए अस्त हो गया- उमेश अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।





शिक्षाविद ईश्वर शरण पांडेय के निधन पर जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश ने शोक जताते हुए कहा हिंदी साहित्य का सूर्य आज सदा के लिए अस्त हो गया। अंचल के ख्यातिनाम साहित्यकार ईश्वर शरण पांडेय के निधन से साहित्य जगत में आई रिक्तता पूरी न हो पाए। स्मृति शेष ईश्वर शरण पांडेय का जीवन अध्यपान कार्य के लिए समर्पित रहा। उनके संस्कारो को दीक्षा पाए बहुत से शिष्य आज उच्च पदों में है और समाज को लाभान्वित कर रहे है। स्वर्गीय वंशीधर के पुत्र ईश्वर शरण पांडेय के योगदान को समाज विस्मृत नहीं कर सकता। जिला भाजपा की ओर से अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष ने मृत आत्मा को ईश्वर के चरणों में स्थान देने की कामना की है। भगवान परिवार जनों को दुख की इस घड़ी में असीम दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना भी की है।

### भिलाई में भूत-प्रेत के साये की अफवाह- सो रहे पति की पत्नी ने गला घोंटकर की हत्या

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर के सुपेला थाना अंतर्गत बजरंग चौक में बीती रात पत्नी ने अपने पति की गला घोंटकर हत्या कर दी। पत्नी ने सो रहे पति का गला अपने दुपट्टे से घोंट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। जिस समय यह घटना घटी उस समय महिला के बच्चे भी साथ थे। पिता की छटपटाहट देख वे चीखने लगे। चीख पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाला उसका भाई पहुंचा और बिस्तर पर पड़े अपने भाई को अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। सुपेला पुलिस से मिली






जानकारी के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि बजरंग चौक क्षेत्र में महिला ने अपने पति की हत्या कर दी है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची तो देखा कि यहां रहने वाली संगीता सोनी (39) ने अपने पति दिलीप सोनी (45) की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी है।

पूछताछ में पता चला कि संगीता सोनी पिछले कुछ दिनों से बीमार रह रही थी और आस पड़ोस वालों ने बताया कि उस पर भूत–प्रेत का साया है। घर वाले भी उसका तंत्रमंत्र से इलाज कराने का प्रयास किया जा रहा था।

### खड़ी ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, एक की मौत और दो गंभीर रूप से घायल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में बीती रात बड़ा हादसा हो गया। यहां सड़क पर खड़ी ट्रक से तेज रफ्तार कार पीछे से टकराई। हादसे के बाद कार के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ही एक युवक की मौत



हो गई। वहीं कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार कोंडागांव के रहने वाले राहुल यादव, तरुण यादव व हरीश यादव चारामा में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे। वापस लौटते वक्त लखनपुरी पेट्रोल टंकी के पास कार को तेज और लापरवाही पूर्वक चलाने से एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। तेज गति होने की वजह से कार के परखच्चे उड़ गए। मौके में कार सवार राहुल यादव की मौत हो गई।

वहीं दो अन्य तरुण यादव और हरीश यादव निवासी कोंडागांव गंभीर रूप से घयाल है। मौके पर पहुची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया और गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस का कहना है कि युवक काफी तेज रफ्तार से कार चला रहे थे। सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकराई। युवकों की लापरवाही पूर्वक ड्राइविंग हादसे का कारण है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है।

### भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के हाईकर्स को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**जांजगीर–चांपा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर द्वारा 23 मई से 30 मई 2023 तक पंजाब प्रांत के अमृतसर तथा हिमाचल प्रदेश के कुल्लू एवम मनाली में सात दिवसीय हाइक एवं एडवेंचर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जांजगीर–चांपा जिला से कुल 05 स्काउट मास्टर एवं पदाधिकारी सम्मिलित हुए। हाइक एवं एडवेंचर कार्यक्रम में जिला सचिव परमेश्वर स्वर्णकार, जिला मुख्यालय आयुक्त श्रीमति राम बाई स्वर्णकार, प्रशिक्षण आयुक्त पूरन लाल पटेल, रोवर लीडर अनिल कुमार सिदार और मधुसूदन कैवर्त शामिल हैं। इस कार्यक्रम में जांजगीर–चांपा जिला का प्रतिनिधित्व करने पर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एच आर सोम एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट ने कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा जिला जांजगीर चांपा के जिला समन्वयक समस्त विकास खण्ड के शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा के खण्ड समन्वयक संकुल शैक्षिक समन्वयक एवम अन्य शिक्षक–शिक्षिकाएँ उपस्थित थे।

# पोल्ट्रीफार्म की बदबू से मोहल्ले वासी परेशान,बीमारी फैलने का है अंदेशा

बलौदाबाजार। कसडोल नगर पंचायत कसडोल में वार्ड क्रमांक 08 बलार रोड ऑक्सफार्ड स्कूल के सामने की गली में निवास करने वाले मोहल्ले वासी समीप स्थित पोल्ट्रीफार्म की बदबू से परेशान हैं।

इस संबंधित पोल्ट्रीफार्म की स्वहस्ताक्षरित लिखित शिकायत पूर्व में 28 अप्रैल को आवेदको में मुरारी धीवर,अशोक श्रीवास,मशील भावाल,घासीराम साहू, घासीराम साहू,रामायण विश्वकर्मा,संजय यादव,मनोज साहू,रामायाण यादव,एवं भोजराम साहू द्वारा शिकायत मुख्य नगरपालिका अधिकारी कसडोल सह प्रतिलिपि तहसीलदार,एसडीएम व पशु चिकित्सा अधिकारी कसडोल को पत्र देकर कार्यवाही करने के लिए अवगत कराया गया था। जिस पर नगर पालिका अधिकारी कसडोल के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई है मोहल्ले वासियों द्वारा एक माह पहले की शिकायत पर कार्यवाही नहीं होने से 6 जून को फिर से नगरपालिका अधिकारी सहित पुलिस थाना कसडोल को आवेदन देकर कार्यवाही करने की गुहार लगाई गई है।शासन की उदासीनता के चलते पोल्ट्रीफार्म संचालक का हौसला बुलंद हो चला है,जिससे वार्डवासी काफी परेशान है।मोहल्ले वासियों ने बताया कि पोल्ट्रीफार्म संचालक ने मरी हुई मुर्गियों को रवि साहू के मकान के सामने खुले में फेंक दिया गया है बोलने पर गाली–गलौच,मारपीट





की बात करता है।मुर्गीफार्म से निकलने वाली बदबू से बीमारी फैल सकता है।मोहल्ले वासियों ने पत्र में लिखा है कि हमारे घर के नजदीक बलार रोड निवासी कमल साहू उर्फ बुठु द्वारा अपने बाड़ी में पोल्ट्री फार्म का संचालन किया जा रहा है।पोल्ट्री फार्म के संचालन से उससे निकलने वाली बदबू से हम मोहल्लेवासी काफी परेशान है तथा हमें स्वास्थ्यगत परेशानी हो रही है।पोल्ट्री फार्म संचालक के संबंध में हमारे द्वारा मौखिक रूप से वार्ड पार्षद और अध्यक्ष प्रतिनिधि को बोला गया था तत्पश्चात हम लोगों ने लिखित आवेदन भी किया है लेकिन किसी तरह की कार्यवाही नगर पंचायत द्वारा आज तक नहीं किया गया। पोल्ट्री फार्म से वर्तमान में बहुत ही बदबू आ रहा है। जिससे बीमारी फैलने का भी अंदेशा है। अब आगे क्या पोल्ट्री फार्म संचालक के विरुद्ध कार्यवाही होगा जिस जगह पर है क्या उसका विधिवत जांच किया जाएगा मोहल्ले वाले को कई तरह का तकलीफ दिखाइए रहा है इस विषय पर संबंधित नगरपालिका उच्च अधिकारी से बयान लेकर खबर पुनः प्रकाशित की जाएगी।

### निवार्चन के दायित्वों का गंभीरता से करें निर्वहन : संजीव झा

**कोरबा** । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा ने जिले में निर्वाचन के दौरान विभिन्न गतिविधियों के संचालन हेतु नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों के तहत निर्वाचन कार्य निर्धारित समय–सीमा के भीतर संपादित करें। कलेक्टर श्री झा ने कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्वाचन कार्यों को सुनिश्चित करने कोर टीम गठित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने एक ही मतदान केंद्रों में दो से अधिक बूथ नहीं रखने, रैम्प, बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। श्री झा ने संबंधित नोडल अधिकारी को जिले में मतदाताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए।

### अमृत सरोवर एवं वृक्षमाला नदी तट संरक्षण महाअभियान के संबंध में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

#### ग्राम पंचायतों में मनाया गया रोजगार दिवस

**कोरबा** । महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत ग्रामीणों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया गया। जिसमें ग्रामीणों को वृक्षमाला नदीतट संरक्षण महाअभियान एवं अमृत सरोवर के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा श्री विश्वदीप के द्वारा सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मनरेगा की जागरूकता हेतु ग्राम पंचायतों में प्रत्येक माह की 07 तारीख को रोजगार दिवस आयोजित किये जाये, जिसके परिपालन में बुधवार को ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस मनाया गया।

### नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मखपुर और कुआं के मोहरगियाँ नदी में धड़ल्ले से खुलेआम निकल रहे मुरुम

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

बेमेतरा जिले के नवागढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मखपुर और कुंवा गांव के बिच मोहरगियाँ नदी से मुरुम धड़ल्ले से ठेकेदार द्वारा निकाला जा रहा था इसी दौरान राजस्व विभाग के आरआई और कोटवार मौके पर मखपुर और कुंवा गांव के बिच मोहरगियाँ नदी में पहुंच कर हाईबा गाड़ी नंबर के साथ पंचनामा बनाया गया , तो इसी दौरान मौके पर ही एक चैन मेमोंटी जेसीबी



और पांच हाईबा पाया गया । लेकिन आये हुवे राजस्व विभाग के अधिकारी ने चैन मोन्टी और हाईबा कों थाना में ले जा कर सुपुत करने के लिए चदनू थाना को अवगत कराया जिसमें चदनु थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कार मौजूद रहे इसी दौरान गांव के कुछ ग्रामीण ने थाना लेजाने से मना कर दी और ग्रामीण ने आरआई के कार के सामने खड़ा हो गई । अब देखना होगा की आखिर खबर प्रकाशन के बाद राजस्व विभाग नवागढ़ के अधिकारी व प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार का कार्रवाई करते है या नहीं। खबर अभी बाकी है अगले अंचलित में प्रकाशित की जाएगी ।



# अधूरे रोड़ निर्माण से लगातार दुर्घटना का सिलसिला जारी

जोहार छत्तीसगढ़ पत्थलगांव।

आज शाम लगभग 6बजे लूडेग के दिशा से आ रहे बाइकसवार अधूरे रोड़ के वजह से अनियंत्रित होकर ब्लोनो कार से जा टकराई जिसमें बाइक सवार दोनों यूवक के पैर में जोरदार टक्कर लगने से पैर टूट जाने की बात कही जा रही है।

मामले में मिली जानकारी अनुसार घटना जशपुर रोड़ पत्थलगांव के ठाकुर शोभा सिंह



कालेज के सामने का घटना बताया जा रहा है जिसमें जिसमें प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बताया जा रहा की अधूरे रोड़ निर्माण से लगातार कई छोटे बड़े घटना का सिलसिला लाखझार से सुरु होकर पालीडीह चौक के दुर्दशा रोड़ में अति होना बताया जा रहा है धीमी रोड़ निर्माण कार्य के वजह से लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वहीं भारी वाहन के आंधधुन आवागम से दिन पूरा धूल के वजह से कोहरा छाया रहता है जिसमें कार चालक सहित बाइक चालकों को रोड़ को देख पाना मुश्किल हो जाता है और यही वजह है रोज एक न एक कार टुकती टुकाती नज़र आती है जिसमें रोड़ में धुल से बचने के लिए सिचिंग भी नहीं किया जा रहा है जिसमें कार सवार तो किसी तरह धीमी गति के वजह से बच जाते है पर बाईक सवार इसमें बली का बकरा बन कर हाथ पैर को हलाल करा रहे हैं। आपको बता दें की आज का ममला भी अधूरे रोड़ के कारण ही घटना घटी है। जिसमें एक ओर खाई नुमा खट्टा है जो पिछले तीन साल से है और एक ओर संकरा रोड़ तैयार जिसमें बाइक सवार रूपडेगा के युवक सामने अचानक कार के आ जाने से अनियंत्रित होकर जा टकराई जिसकी सूचना पाते ही पुलिस जवान मौके में पहुंचकर घायल युवकों को उपचार के लिए पत्थलगांव अस्पताल पहुंचाया।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in